# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 81 | सीकर, सोमवार 18 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## ड्यूटी के दौरान हादसा

# पीछा करते कांस्टेबल भींवाराम की मौत, सीआई घायल



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** दादिया थाना क्षेत्र में नाकाबंदी तोड़कर फरार हो रहे बदमाशों का पीछा करना नवलगढ़ पुलिस के लिए दर्दनाक साबित हुआ। पीछा करने के दौरान पुलिस की गाड़ी एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में गाड़ी के चालक कांस्टेबल भींवाराम मेघवाल की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई जबकि नवलगढ़ थानाधिकारी (सीआई) अजय सिंह शेखावत गंभीर रूप से घायल हो गए।







### नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे थे बदमाश

जानकारी के अनुसार थार गाड़ी में सवार बदमाश दादिया थाने की नाकाबंदी तोड़कर फरार हो गए थे। सूचना मिलते ही नवलगढ़ और गौठड़ा थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए पीछा शुरू किया।

### पेड़ से टकराई पुलिस गाड़ी

पीछा करने के दौरान अल सुबह एक तेज मोड़ पर पुलिस जीप असंतुलित होकर पेड़ से जा टकराई, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### इलाज के दौरान हुई मौत

हादसे में सीआई अजय सिंह शेखावत के हाथ में फ्रैक्चर हो गया जबकि चालक भींवाराम मेघवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले नवलगढ़ अस्पताल और बाद में सीकर रैफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

### ग्रामीणों की मदद से दो बदमाश गिरफ्तार

हादसे के बावजूद पुलिस और ग्रामीणों ने हिम्मत नहीं हारी। बदमाश अपनी थार गाड़ी पुजारी की ढाणी (ककड़ेऊ जोहड़) के पास छोड़कर भागने लगे लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता से घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने थार गाड़ी जब्त कर ली है और आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### एसपी ने लिया जायजा

घटना की सूचना मिलते ही झुंझुनू एसपी कावेंद्र सागर नवलगढ़ पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में घायल सीआई की स्थिति जानी और गौठड़ा थाने में पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की।

### राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

कांस्टेबल भींवाराम मेघवाल की पार्थिव देह को नवलगढ़ थाने लाकर पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद नवलगढ़ से उनके पैतृक गांव भोड़की तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। रविवार को उदयपुरवाटी क्षेत्र के भोड़की गांव में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया,, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों, जवानों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गंगा दशमी से विश्व पर्यावरण दिवस तक चलेगा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान

## जल संचय एवं भूजल स्तर बढ़ाने के लिए विकसित की जाएं जल संरचनाएं : मुख्यमंत्री



जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित ना रखकर गांव-गांव तक पहुंचाया जाए और जन आंदोलन बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जल संचय को बढ़ावा देने में यह अभियान महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए शहरों से लेकर ग्राम स्तर तक आमजन एवं प्रशासन की भागीदारी इस अभियान में सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान, जल संचय जन भागीदारी 2.0 और कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान को लेकर उच्च स्तरीय बैठक ली।

उन्होंने 25 मई को गंगा दशमी से 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस तक प्रदेशभर में जल संरचनाओं के पूजन-नमन के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को गंगा दशमी के धार्मिक, भावनात्मक एवं पर्यावरणीय महत्व की जानकारी दी जाए, ताकि जल संरक्षण को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके। इसके लिए सरकार एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ ही स्वयं सेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को जल संचय के प्रति जागरूक करने के साथ ही मकानों एवं इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को और अधिक विकसित किया जाए, ताकि वर्षा के जल का अधिकतम उपयोग हो सके।

# बलात्कार का केस दर्ज नहीं करने के नाम पर एएसआई रिश्वत लेते गिरफ्तार



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उदयपुर में कार्रवाई करते हुए प्रतापनगर थाने में तैनात एएसआई सुनील विश्नोई को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित पुलिसकर्मी पर छेड़छाड़ और बलात्कार का मामला दर्ज नहीं करने तथा राजीनामा करवाने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप है। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि उदयपुर यूनिट को 9 मई 2026 को परिवादी की ओर से शिकायत मिली थी कि एक युवती से हुई सामान्य कहासुनी के बाद प्रतापनगर थाने के एएसआई सुनील विश्नोई, कांस्टेबल शंकरलाल एवं कांस्टेबल बनवारीलाल ने उसे थाने बुलाया और युवती द्वारा छेड़छाड़ व बलात्कार का मामला दर्ज कराने की धमकी दी। परिवादी के अनुसार पुलिसकर्मियों ने मामला दर्ज नहीं करने और दोनों पक्षों में समझौता करवाने के बदले 3 लाख रुपए की मांग की थी। बाद में सौदा 1.30 लाख रुपए में तय हुआ। एसीबी जांच में सामने आया कि सत्यापन के दौरान आरोपी एएसआई 25 हजार रुपए पहले ही ले चुका था तथा शेष एक लाख रुपए की मांग कर रहा था। एसीबी के उप महानिरीक्षक डॉ रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में टीम ने रविवार को न्यू भूपालपुरा स्थित ऑर्बिट रिसोर्ट की पार्किंग में ट्रैप कार्रवाई की। परिवादी द्वारा जैसे ही एएसआई सुनील विश्नोई को एक लाख रुपए दिए गए, एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी आरोपी एएसआई से पूछताछ कर रही है तथा उसके आवास पर भी सर्च कार्रवाई जारी है।

# राजस्थानी भाषा को शैक्षिक दर्जा देने के निर्णय का स्वागत कर समूह चर्चा आयोजित

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित जेबी शाह गर्ल्स पीजी कॉलेज में रविवार को उच्च न्यायालय द्वारा प्राथमिक शिक्षा में लागू करने का आदेश के पश्चात राजस्थानी भाषा को शैक्षिक दर्जा देने का निर्णय का स्वागत कर समूह चर्चा का कार्यक्रम का प्रारम्भ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि पर्यटन विभाग के उपनिदेशक देवेन्द्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि शहर के गणमान्य विश्वनाथ टीबड़ा रहे। अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। डॉ. नवीन शर्मा, कॉलेज डिप्टी रजिस्ट्रार ने राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची की संक्षिप्त जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा ने संस्था के बारे बताते हुए हाल ही में कोलकाता में रतनलाल शाह द्वारा न्यायालय ने आदेश की अभिव्यक्ति दी उसकी प्रशंसा करते हुए समाज को राजस्थानी भाषा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। इस विषय पर आये अतिथियों, साहित्यकारों और शिक्षाविदों जिसमें डॉ. बी.एल. सावन, डॉ. एल. के. शर्मा, पूनम शर्मा, दीपक शुक्ला, हरिश तुलस्यान, सुनीता तुलस्यान, उमाशंकर महमिया, ललित शेखावत, मुकेश कृष्णिया, भवानी सिंह, प्रदीप सिंह, डॉ. शशि मोरोलिया एवं युनुस मास्टर ने अपने-अपने विचार प्रकट कर राजस्थानी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए सुझाव दिये।

सचिव राजकुमार मोरवाल ने भी राजस्थानी भाषा के व्यापकता के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर राष्ट्रगान कर कार्यक्रम समापन किया।

## कोबरी-सार




# आरएसएस के झुंझुनू नगर शाखा महाकुंभ में 800 के करीब स्वयंसेवकों ने लिया हिस्सा

## घरों में मोबाइल को छोड़कर आपस में चर्चा करें परिवार के सभी सदस्य, इसी से संस्कार होंगे मजबूत : मुकेश कुमार

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की झुंझुनू नगर इकाई की ओर से रविवार को स्वर्ण जयंती स्टेडियम में शाखा महाकुंभ 2026 का आयोजन किया गया। महाकुंभ में शाखा गतिविधियों के साथ सामाजिक समरसता, परिवार में संस्कार, सनातन संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पहले करीब एक घंटे तक शाखा की विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। कार्यक्रम में दादूद्वारा बगड़ के महामंडलेश्वर डॉ अर्जुनदास महाराज का सानिध्य रहा तथा मुख्य अतिथि प्रमुख व्यवसायी सुरेंद्र बंका रहे। इस दौरान जिला संघ चालक मानसिंह, नगर संघ चालक अनूप गाडिया भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुकेश कुमार ने कहा कि संघ की सौ वर्षों की साधना में देश ने कई ऐसे कार्य पूरे किए हैं। जो कभी असंभव माने जाते थे। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने से लेकर भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण और भारत की अंतरिक्ष व सुरक्षा शक्ति तक, आज भारत दुनिया में मजबूती के साथ उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत बब्बर शेर की तरह दहाड़ता है और देश पर बुरी नजर डालने वालों को उनके घर में घुसकर जवाब देने का सामर्थ्य रखता है। उन्होंने कहा कि इतनी उपलब्धियों के बावजूद समाज के सामने अभी भी जातिवाद जैसी बड़ी चुनौती खड़ी है। उन्होंने कहा कि धर्म से ऊंची जाति नहीं होती। यदि सनातन धर्म ही नहीं बचेगा तो जाति का क्या करेंगे। उन्होंने सभी से जातिवाद छोड़कर हिंदू-हिंदू भाई-भाई के भाव से समाज को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी सनातनी भाई हैं और सभी को प्रेम व आत्मीयता के साथ जोड़ना होगा। परिवार व्यवस्था और संस्कारों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि आज परिवार छोटे होते जा रहे हैं और संस्कारों का अभाव बढ़ रहा है। तलाक जैसी समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि परिवारों में रोज एक साथ बैठकर भोजन करना, भगवान का भजन-वंदन करना और मोबाइल फोन को कुछ समय के लिए दूर रखकर परिवार के साथ धर्म, संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों पर चर्चा करनी चाहिए। इससे नई पीढ़ी में भारतीय संस्कृति के संस्कार मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि गर्विले हिंदू बनाने के लिए अपने घर में अपनी पाठशाला शुरू करनी होगी। उन्होंने कहा कि जैसे अन्य समुदाय अपने धार्मिक शिक्षण संस्थानों के जरिए अपनी परंपराओं को मजबूत करते हैं। वैसे ही सनातन समाज को भी अपने घरों में बच्चों को धर्म, संस्कृति और परंपराओं की शिक्षा देनी होगी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देते हुए पानी बचाने, पौधे लगाने और पॉलीथिन मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया। साथ ही मातृभाषा और हिंदी के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि अंग्रेजी सहित अन्य भाषाएं सीखना गलत नहीं है। लेकिन घर और समाज में अपनी मायड़ भाषा, मारवाड़ी और हिंदी पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने लोगों से हिंदी में हस्ताक्षर करने और अपनी भाषा को सम्मान देने का आह्वान किया। यही नहीं इस महाकुंभ में छह साल की उम्र के स्वयंसेवक से लेकर 85 साल तक की उम्र के स्वयंसेवक नजर आए जो इस महाकुंभ की सबसे अधिक खूबसूरती रही। नगर कार्यवाह विजय कालेर ने बताया कि झुंझुनू नगर को संगठन ने 18 बस्तियां में विभाजित कर रखा है। जिसमें 51 शाखाएं लगती हैं। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की लगभग 800 संख्या रही। अंत में नगर संघ चालक अनूप गाडिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।




# बीडीके अस्पताल में जांच एवं उपचार शिविर आयोजित



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल, झुंझूनू में विश्व रक्तचाप दिवस के अवसर पर जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र भाम्बू ने किया। डा भाम्बू ने बताया कि बीडीके अस्पताल में रक्तचाप की जांच, उपचार एवं उच्च रक्तचाप से होने वाले गंभीर दुष्परिणाम के उपचार भी उपलब्ध है। रक्तचाप की समय पर जांच नहीं करवाने पर नकसीर, लकवा, अंधता, गुर्दा अक्रियाशीलता के रुप में लक्षित होता है।

आरएमओ डॉ विजय झाझड़िया ने रक्तचाप की जागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया। एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ उमेश चाहर ने रक्तचाप के लक्षण, जांच एवं उपचार पर प्रकाश डाला तथा अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी है। इस पखवाड़े रक्तचाप के विषय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। पीएमओ डा भाम्बू ने बताया कि रक्तचाप शिविर में 149 आमजन ने जांच करवाई। जिसमें 86 पुरूष, 63 महिलाओं ने भाग लिया। उक्त में 15 पुराने रोगी एवं 3 नये रोगीयों का पंजीकरण किया गया है। आगामी सात दिवस में निरंतर शिविर के माध्यम से रक्तचाप की जांच एवं जागरूकता की जाएगी। डायबिटिज, रक्तचाप, हृदय रोग परस्पर एक-दूसरे से जुड़ी हुई ही बीमारियां है। उच्च रक्तचाप शरीर के विभिन्न अंगों पर दुष्प्रभाव डालता है। रक्तचाप की उपरी सीमा से ज्यादा निम्नतम सीमा का बढना ज्यादा घातक साबित हो रहा है।इस दौरान डा संजय खीचड़, डा अरविंद जाखड़, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जांगीड़, मुकेश मीणा, सुभाष, बबीता, सुमन उपस्थित रहे।

### उच्च रक्तचाप से बचाव

नियमित व्यायाम, जंक फूड का प्रयोग नहीं करना, नमक के प्रयोग में कमी, तनावमुक्त घर एवं तनावमुक्त कार्यस्थल, नियमित नींद, समय पर जांच एवं उपचार।

# अमृतम समता जल मन्दिर का शुभारम्भ



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ द्वारा रेलवे स्टेशन पर अमृतम् समता जल मन्दिर संघ के सभी सदस्यों ने नवकार मंत्र से शुभारंभ किया गया। युवा संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा ने बताया कि आने वाली सभी ट्रेनों में यात्रियों को फिल्टर ठण्डा पानी आगामी भीषण गर्मी तक निरन्तर जल सेवा जारी रहेगी। इस अवसर पर मंत्री विरेन्द्र बैद ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर ग्रीष्म काल में नि:शुल्क जल सेवा की जाती है। रेलवे स्टेशन पर रेल गाड़ियों के आगमन के समय युवा संघ के सदस्यों द्वारा यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध करवाया जाता है। जिसमें लम्बी दूरी के यात्रियों को राहत मिलती है। समता जल मन्दिर के शुभारंभ पर स्टेशन अधीक्षक अरुण सिंह, युवा संघ के मनीष कांकरिया, अविनाश कांकरिया, अरिहंत मरोठी, धीरज गोलछा, अरिहत्त भूरा, जितेन्द्र कांकरिया, नीतेश नहाटा, कार्तिक संचेती, रविन्द्र संचेती, मनीष गोलछा, धीरज भंसाली, हर्षित पारख, विनीत मरोठी, पुखराज गोलछा, सचीन गोलछा, हर्षित गोलछा सहित कई लोग मौजूद थे। संघ के मंत्री गौतम पारख ने बताया कि इस मौके पर कोषाध्यक्ष सुनील आँचलीया, सुनील संखलेचा, अशोक डागा, मदनलाल लुनिया, किशन लाल संचेती, श्रीपाल बोथरा, बाबुलाल कांकरिया, शिखरचंद पींचा, विमल आँचलीया, राकेश बोथरा, टिकम चंद बुच्चा, महिला मण्डल के अध्यक्ष ममोल बैद, मंत्री नम्रता संखलेचा के साथ संघ के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने जल सेवा में बहुत उत्साह दिखाया।

# रास्ते पर भरा रहता है गंदा पानी, लोग परेशान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय तिरपाल मंडी से जैन विश्व भारती जाने वाला खानपुर लाडनूं क्षेत्र का आम रास्ता बदहाल स्थिति में है। यहां रोड पर कई जगह पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी आती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रोड पर सुजानगढ़ शहर का पानी आता है। नाले नहीं बने होने और नालियों की सफाई नहीं होने के कारण यह पानी रोड पर आ जाता है। साथ ही पानी निकालने के लिए बना पंप भी बंद पड़ा रहता है। लेकिन नगर परिषद इस पर कोई ध्यान नहीं देती। मोहम्मद रफीक खींची ने बताया कि हर साल यहां नगर परिषद नालों की सफाई करवाती है लेकिन इस बार नहीं करवाई गई। साथ ही पानी निकालने वाले पंप का बिजली कनेक्शन भी कटा हुआ है। क्योंकि नगर परिषद ने इसका बिल नहीं भरा। पंप की पाइपलाइन में कई जगह लीकेज है। उन्होंने नालों की रिपेयरिंग करवाने और पंप चालू करवाने की मांग रखी। प्रदीप सिंह राठौड़ ने बताया कि पिछले साल भी यहां बारिश के समय बहुत बुरी स्थिति हुई थी। अगर समय रहते नगर परिषद ने ध्यान नहीं दिया तो यहां बहुत बुरी स्थिति हो सकती है।

# अभियान कैपिटल के नए कार्यालय का हुआ उद्घाटन



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** क्षेत्र के वित्तीय परिदृश्य को मजबूती देने के उद्देश्य से अभियान कैपिटल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड फाइनेंस कंपनी के नए कार्यालय का रींगस में विधि–विधान के साथ भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार कुमावत एवं नगर पालिका रींगस के पूर्व पार्षद कॉर्पोरेटर महेश कुमार गुप्ता मौजूद रहे। अतिथियों ने फीता काटकर संस्थान के नए कार्यालय का शुभारंभ किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अभियान कैपिटल कंपनी के कई उच्च अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिनमें मिहिर वैष्णव जोनल हेड, कैलाश त्रिवेदी एरिया मैनेजर, प्रहलाद कुमार मौर्य ब्रांच मैनेजर शामिल थे। सभी अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया और कंपनी की लोक–कल्याणकारी वित्तीय योजनाओं व भविष्य की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की। नई शाखा कंपनी प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रींगस में इस नई शाखा का संचालन टैगोर कॉलेज के पास, बालाजी विहार कॉलोनी भैरुजी मोड़ रींगस स्थित कार्यालय से किया गया, जहां स्थानीय नागरिकों को बेहतर वित्तीय सेवाएं मिल सकेंगी। उद्घाटन समारोह में स्थानीय गणमान्य नागरिक श्रवण कुमार, महेंद्र सिंह, कमल कुमार और व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोग भी उपस्थित रहे।

# खेतों में लगी आग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ के निकटवर्ती गांव जिनरासर से चक कालिया के मार्ग पर रविवार को दोपहर में अनेक खेतों में आग लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर दो दमकल भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास किया।

ग्रामीणों ने बताया कि मौके पर शाम तक आग को बुझाने जाने के प्रयास जारी रहे। लेकिन शाम के 6 बजे तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग 1 किलोमीटर से ज्यादा क्षेत्र में फैल गई। मौके पर भानीसरिया पटवारी शिव सिंह, बड़ाबर प्रशासक भी मौजूद रहे।

# शहीद मदनसिंह गुर्जर की प्रतिमा का हुआ अनावरण

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बेसरड़ा गांव में रविवार को शहीद मदनसिंह गुर्जर की प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेडम, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह थे जबकि अध्यक्षता विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काट कर शहीद मदनसिंह गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेडम ने शहीद मदनसिंह गुर्जर के साहस और वीरता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सपूतों की वजह से ही देश आज सुरक्षित है। झुंझुनूं जिले को वीरों की भूमि के नाम से जाना जाता है। यहां के युवाओं को बचपन से शौर्य और देश सेवा की प्रेरणा दी जाती है। उन्होंने युवाओं से प्रेरणा लेने और सेना में जाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा शहीद मदनसिंह गुर्जर जैसे जांबाज सपूत हमारे समाज की असली पूंजी हैं। हम उनके ऋणी हैं। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए यह प्रतिमा युवाओं में देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। पूर्व मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाया। ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के शौर्य को देखा है। भारतीय सेना विश्व की चौथी बड़ी सेना है जो आज के समय दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पुरी तरह से सक्षम है। प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि शहीदों का सम्मान तथा शहीद परिवारों के लिए सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। शहीद हमारे लिए देवताओं के समान होते हैं। हर मांगलिक कार्य में उन्हें याद कर समरण करना चाहिए। झुंझुनू जिले वीरों की भूमि के नाम से जाना जाता है, यहां बचपन से ही युवाओं को देश सेवा की प्रेरणा दी जाती है। देश की सेवा करने को लेकर अपने प्राणों का त्याग करने वाला हमेशा अमर रहता है। मदनसिंह गुर्जर भारतीय सेना की 20 ग्रेनेडियर में जम्मू–कश्मीर कश्मीर के गुरेज सेक्टर में तैनात थे। 17 मई 2025 में वीरगति को प्राप्त हो गए थे। मदन सिंह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का है तथा तीनों भारतीय सेना में है। बड़ा भाई सुबेदार हंसराज गुर्जर 5 ग्रेनेडियर तथा छोटा भाई कप्तान सिंह भारतीय सेना ने फायरमैन के पद पर कार्यरत हैं। मदन सिंह 26 सितंबर 2010 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। इस दौरान अतिथियों ने शहीद वीरांगना अनिता व परिजनों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन आरपी भानूप्रकाश ने किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक हजारीलाल गुर्जर, जिला प्रमुख हर्षिनि कुल्हारी, पूर्व प्रधान मदनलाल गुर्जर, सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुरेश जांगिड़, राधा पटेल, बनवारीलाल, गोकुलचंद सैनी, निकेश पारीक, एसडीएम सुनील चौहान, बीसीएमओ डॉ हरीश यादव, संदीप कुमार, ओमप्रकाश सिंह, प्रभू राजोता, सुभाष तातीजा, एलटी सुरेंद्र गुर्जर, निहाल सिंह छावड़ी, विजनेश बेसरड़ा, छोटेलाल पहलवान सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# विधायक का किया नागरिक अभिनंदन

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत संजय नगर में ग्रामीणों की ओर से विधायक का नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि संजय देव गुर्जर थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता फतेहसिंह शेखावत ने की। कार्यक्रम में विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि वे बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में संजय नगर ग्राम पंचायत में करीब 2 करोड़ 88 लाख रुपए के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं। कार्यक्रम में विधायक ने ग्राम पंचायत में एक नए थ्री फेज ट्यूबवेल निर्माण तथा विधायक कोष से 20 लाख रुपए के अतिरिक्त विकास कार्य करवाने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर विधायक ने 55 लाख रुपए की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र और 16 लाख रुपए की लागत से तैयार अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक गुर्जर का 51 किलो फूलों की माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में दीपचंद चंदेला, हरी सिंह, सुरेश गुर्जर, शेर सिंह, संजय देव गुर्जर, रामनिवास कालोटा, हजारीलाल ग्रेट, झंडूराम गुर्जर, विजयपाल सिंह शेखावत, महीपाल सिंह गाडराटा,, रमेश गराटी, बबलू अवाना, धूड़ाराम प्रधान, प्रभु राजोता, मंगलचंद गुरुजी, रोटाश मणकस, रमेश अग्रवाल, दलिप सिंह निर्वाण और मदनलाल बोहरा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं पवन दाधीच, दुर्गाप्रसाद मेघवाल, विजय सिंह, रामस्वरूप सिंह, सूबेदार जगदीश सिंह, लक्ष्मण सिंह, अजय भार्गव और महेंद्र छावड़ी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# दो दिवसीय शनि महोत्सव का समापन



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के भव्य शनि देव मंदिर में दो दिवसीय शनि महोत्सव का रविवार को समापन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योत की पुजा कर खुशहाली की कामना की। पुजारी स्याहू भार्गव के सानिध्य में भगवान शनि देव की प्रतिमा का विशेष पुष्पों से श्रृंगार हुआ तथा अखण्ड ज्योत प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ हुआ। पुजारी स्याहू भार्गव ने बताया कि कस्बे का शनि मंदिर रियासत कालीन के समय में बना था। उस समय से लेकर आज तक लगातार शनिदेव की पूजा अर्चना कर राजाओं के समय से चली आ रही परंपरा का कस्बेवासी निर्वहन करते आ रहे हैं। शनि जयंती महोत्सव पर मंदिर में महाआरती, प्रसाद व मेले का आयोजन किया जाता आ रहा है। शनि जयंती पर मंदिर में शनिदेव के नौ भाई बहनों की पूजा अर्चना की जाती है। कस्बे में अनेक बड़े–बड़े मंदिरों का निर्माण करवाया, जिसमें शनिदेव का मंदिर भी सम्मिलित है। मंदिर में शनि जयंती पर महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि न्याय के देवता हमेशा ही भक्तों के हितकारी रहे हैं। कई वर्षों बाद शनि देव की पूजा का विशेष संयोग बना है।

इसमें यदि शनि देव के चरणों में सरसों का तेल चढ़ाया जाए, पीपल के वृक्ष के नीचे दीपक जलाया जाए तो शनि देव प्रसन्न होकर भक्तों की पीड़ा हर लेते हैं। मंदिर कमेटी की ओर परिसर में मेले का आयोजन किया। इस दौरान मेले में लगी दुकानों पर महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी का लुफ्त उठाया। शनि जयंती महोत्सव पर खेतड़ी कस्बे के अलावा लूणा की ढाणी, पपुरना, संजयनगर, निजामपुर मोड़, कोलिहान, राजोता, बीलवा, बागोर सहित आसपास के गांव के लोगों ने भी मंदिर में पहुंचकर शनि देव महाराज के सामने माथा टेक मनौती मांगी। इस मौके पर सुरेश कुमार कानोड़िया, रूलीचंद भार्गव, रामावतार सैनी भगत, जिवण भगत, छगनलाल भगत, सुरेश साह, राजेश, कपिल कुमार, विजेश वर्मा, मुकेश कुमार सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# कुम्हार कर्मचारी एवं समाज सेवा समिति की बैठक आयोजित

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** रविवार को प्रजापति छात्रावास, किसान कॉलोनी झुंझुनू में कुम्हार कर्मचारी एवं समाज सेवा समिति की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक की अध्यक्षता हरिराम दादरवाल ने की। इस बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन करना है। बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर कुम्हार शिक्षा एवं समाज सेवा समिति झुन्झुनू के संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में समाज हित एवं संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। नई कार्यकारिणी में हीराराम दादरवाल को अध्यक्ष, पंकज किरोड़वाल को सचिव, ओमप्रकाश बीवाल को सह सचिव तथा नरेंद्र बागोरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा मुरारीलाल लाल व महेंद्र बिवाल को सह कोषाध्यक्ष व सलाहकार बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र सनोदिया, हीरालाल भोड़ीवाल, सोमवीर मणिठिया, ताराचंद लुहानीवाल तथा हिम्मत सिंह बारावाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। सभा अध्यक्ष के रूप में रोहिताश नेमीवाल, महामंत्री हरि कुमावत, संगठन मंत्री के रूप में विनोद देतवाल, प्रचार मंत्री के रूप में सुनील दादरवाल तथा मंत्री पद पर दारासिंह, बिहारीलाल, कालूराम बासनिवाल, मदनलाल खटोड़, रामकुमार सिरस्वा, महावीरप्रसाद कारगवाल, शिशराम जलिंद्रा, मनीराम शास्त्री मौजूद थे। मीडिया प्रभारी श्री बसंत लाल सिरसवा तथा कार्यालय प्रभारी संदीप बीवाल को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने, समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने तथा क्षेत्र में आपसी सहयोग और विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उपस्थित सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 43 पव्वे शराब सहित अरोपी गिरफ्तार

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एएसआई जगदीश कमार ने सालासर रोड स्थित सब्जी मंडी के सामने से बाइक पर सवार कैलाशदान निवासी बोबासर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 43 पव्वे देशी सादा मदिरा के जब्त किए हैं, जिनके बेचने के लिए आरोपी के पास कोई वैद्य लाईसेंस नहीं मिला। पुलिस ने बाईक भी जब्त की है।

# पूर्व विकास अधिकारी शेखावत ने गौशाला को दिए 51 हजार रुपए

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** समाजसेवा और गौसेवा के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए 93 वर्षीय पूर्व विकास अधिकारी दिलीप सिंह शेखावत ने बाबा सुन्दरदास गोपाल गोशाला जाखल में 51 हजार रुपए की वार्षिक सहयोग राशि भेंट की है। उनकी इस प्रेरणादायक सेवा भावना की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। अध्यक्ष प्रतापसिंह मूंड ने बताया कि गोशाला पहुंचने पर समिति के पदाधिकारियों व गौभक्तों ने शेखावत का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार गोसेवा में योगदान देना चाहिए। मूंड ने बताया कि प्राप्त सहयोग राशि का उपयोग गायों के चारे, पानी और अन्य व्यवस्थाओं में किया जाएगा। समिति सदस्यों ने दिलीप सिंह शेखावत व पुत्र अरविंद के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनका आभार जताया। इस दौरान टीटनवाड़ के मातादीन जांगिड़ ने भी गोशाला में 11 हजार रुपए की राशि प्रदान की। इस अवसर पर गोशाला से जुड़े कई गौभक्त एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# महिला पतंजलि योग समिति की राज्य स्तरीय योग कार्यशाला में सिंघल ने लिया भाग

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महिला पतंजलि योग समिति द्वारा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय दो दिवसीय योग कार्यशाला में जिले से झुंझुनू नगर महिला प्रभारी डॉ पूनम सिंघल एवं योग साधिका सुनिल कुमारी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यशाला में प्रदेशभर से आए योग साधिकाओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लेकर योग, प्राणायाम एवं भारतीय संस्कृति के प्रचार–प्रसार पर विचार साझा किए। कार्यशाला में योग को जन–जन तक पहुंचाने, महिलाओं की स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने तथा नियमित योग अभ्यास के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। विभिन्न योग विशेषज्ञों द्वारा योगाभ्यास, प्राणायाम एवं प्राकृतिक जीवनशैली के विषय में प्रशिक्षण भी दिया गया। डॉ पूनम सिंघल ने बताया कि योग आज के समय में स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बन चुका है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाकर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाना चाहिए। झुंझुनू लौटने पर योग एवं सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने डॉ पूनम सिंघल का स्वागत करते हुए उनके सहभागिता पर हर्ष व्यक्त किया।

# मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर धरना जारी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद् कार्यालय के बाहर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में चल रहा धरना रविवार को 15 वें दिन भी जारी रहा। धरने पर तरूण सियोता, बिलाल भूरान, इकबाल खां, पृथ्वीराज लाखन, अरविंद विश्वेंद्रा, राजकुमार, कृष्ण गौड़, विजय, सोहिल गोपालपुरिया, राजेश, शशिकान्त तेजस्वी, राजेश, शंकरलाल सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने बताया कि गांधी चौक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीशचन्द्र मिश्र, पं जवाहरलाल नेहरू की मूर्तियां लगाए जाने तक आन्दोलन जारी रहेगा।

# 119वां नि :शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

श्रवण सारस्वत



**रींगस ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब रींगस द्वारा कस्बे की रामानंद पाठशाला में रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 119वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर के भामाशाह ललित कुमार अग्रवाल लोहेवाले रींगस रहे, जिन्होंने शिविर का संपूर्ण आर्थिक भार वहन किया। शिविर का शुभारंभ रोटेरियन डॉ अजय सक्सेना, सह–प्रांतपाल डॉ भंवर सिंह ताखर, रोटरी अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा, डॉ विनोद कुमार गुप्ता, ललित कुमार अग्रवाल, रघुनाथ जाट, राजेंद्र यादव, झाबर मल बिजारणिया, सुभाष बिजारणिया द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर संयोजक झाबरमल निठारवाल ने बताया कि रोटरी क्लब रींगस द्वारा यह नि:शुल्क चिकित्सा एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को आयोजित किया जाता है। शिविर में डॉ अजय सक्सेना द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा, डॉ भंवर सिंह ताखर द्वारा फिजियोथैरेपी चिकित्सा, डॉ विनोद कुमार गुप्ता द्वारा बाल एवं शिशु रोग द्वारा घरेलू नुस्खों से कुल 38 मरीजों का उपचार किया गया। शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर की टीम द्वारा 78 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 48 रोगियों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को जयपुर ले जाकर नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा तथा उपचार के बाद वापस रींगस छोड़ा जाएगा। रोटरी क्लब रींगस द्वारा आयोजित शिविरों में अब तक 3368 लेंस प्रत्यारोपण कर लोगों को आंखों की रोशनी प्रदान की जा चुकी है। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉ नेहा, शिविर प्रभारी दीनदयाल पंवार, नर्सिंग स्टाफ दुष्यंत, हरसिमरन, गरिमा, पूजा कंवर ने अपनी सेवाएं दी। साथ ही जगदीश एवं सुमित काबरा ने होम्योपैथिक दवा वितरण में सहयोग प्रदान किया। सीसीए शिक्षण संस्थान के स्काउट अनुष सैन, कमलेश धायल, दशरथ ने सहयोग प्रदान कर शिविर को सफल बनाया।

# कलश यात्रा के साथ रामकथा का शुभारंभ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर शहर स्थित गीता गायत्री मंदिर में रविवार को भव्य कलश एवं पोथी यात्रा के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की दिव्य कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन खोजीदराचार्य राम रिछपाल दास महाराज के आशीर्वाद तथा महंत अंजन कुमार गोस्वामी, गोपाल दास महाराज, अलबेली शरण महाराज एवं संत समाज अध्यक्ष सियाराम दास महाराज के सानिध्य में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम संयोजक पंडित राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि रामकथा से पूर्व निकाली गई भव्य पोथी-कलश यात्रा को नगर के प्रमुख संतों ने पूजा-अर्चना कर रवाना किया। यात्रा में संत समाज अध्यक्ष सियाराम दास, सुदर्शन आचार्य महाराज, कुमार मानव, लोकेश मिश्रा, पंडित मुकेश शर्मा, रामरज महाराज तथा योगाचार्य मनीष सूर्यवंशी सहित अनेक संत-महात्मा शामिल हुए। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि 108 से अधिक महिलाओं ने एक जैसी पीली साड़ी धारण कर सिर पर कलश रखे और मंगल गीत गाते हुए तपती दोपहरी में प्रभु श्रीराम के जयकारों के साथ भव्य यात्रा निकाली। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं शीतल पेय पिलाकर स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचने पर महाआरती के साथ दिव्य राम कथा का शुभारंभ हुआ। व्यासपीठ से पातालपुरी पीठाधीश्वर बालक देवाचार्य महाराज ने रामकथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्राम से बड़ा राम का नाम है। उन्होंने कहा कि रामकथा व्यक्ति को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देती है तथा परिवार सहित कथा श्रवण करने से पारिवारिक दूरियां, भाई-भाई के विवाद एवं सामाजिक कुरीतियां समाप्त हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और पुरुषोत्तम मास जप, तप एवं दान का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक तीन वर्ष में आने वाला अधिक मास अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इस मास में भगवान ने स्वयं अपना नाम पुरुषोत्तम मास के रूप में प्रदान किया है। अधिक मास सौर वर्ष एवं चंद्र वर्ष के सामंजस्य से निर्मित होता है। इस दौरान 33 प्रकार के दान का विशेष महत्व माना गया है तथा परंपरा अनुसार 33 मालपुओं का बायना घर-घर बहनों को देने की मान्यता भी प्रचलित है। मंदिर में दिव्य रामकथा का आयोजन 23 मई तक किया जाएगा। इसके पश्चात शुक्ल पक्ष में राम कथा एवं कृष्ण पक्ष में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 9 से 15 जून तक होगा।

# योग के माध्यम से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर झुझार सिंह पार्क में आयोजित योग कक्षा में पतंजलि योग समिति राजस्थान पूर्वी क्षेत्र के राज्य प्रभारी एवं वरिष्ठ योग शिक्षक पवन कुमार ने उपस्थित साधकों को उच्च रक्तचाप के कारण, बचाव एवं योग के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनियमित दिनचर्या, तनाव, गलत खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण उच्च रक्तचाप तेजी से बढ़ रहा है। यदि समय रहते सावधानी नहीं बरती जाए तो यह हृदय रोग, स्ट्रोक एवं अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। उन्होंने नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान एवं संतुलित आहार को उच्च रक्तचाप नियंत्रण का प्रभावी माध्यम बताया। योग कक्षा में अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति एवं ध्यान का अभ्यास भी करवाया गया। उन्होंने सभी लोगों से नियमित रक्तचाप जांच कराने, तनावमुक्त जीवन अपनाने तथा प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित रामनिवास जिनोलिया, संजय अग्रवाल, नीति कुमारी, सरिता देवी, संतोष कँवर, शकुंतला देवी, रजनी जिनोलिया, सुमित्रा खालिया, सावित्री सैनी, सुमन, प्रीति शर्मा, प्रेम पूनिया, भगीरथ सोहु, राजेंद्र कुमावत, मनीराम खालिया, मनीष अग्रवाल, विनोद शर्मा, जितेन्द्र टीबड़ा, कमल आदि साधकों ने योग एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को उपयोगी बताते हुए नियमित योग करने का संकल्प लिया।

# स्कूटी सवार युवती से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्याम नगर थाना इलाके में घर लौट रही एक स्कूटी सवार युवती का पीछा कर छेड़छाड़ करने का गंभीर मामला सामने आया है। हालांकि मुस्तैद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ ही घंटों में आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने इसके लिए करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि वारदात जयपुर की रहने वाली एक 21 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया है कि 13 मई की रात वह अपने दोस्तों के साथ मंदिर में दर्शन करने के लिए गई थी। दर्शन करने के बाद देर रात करीब 3 बजे वह स्वेज फार्म एरिया में खड़ी अपनी स्कूटी लेकर अकेले ही घर के लिए रवाना हुई थी। तभी रास्ते में एक स्कूटी सवार बदमाश उसके पीछे लग गया। बदमाश ने काफी दूर तक युवती का पीछा किया और श्याम नगर इलाके में एक सुनसान जगह देखकर युवती को अकेला पाकर उसे जबरन पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। युवती की आवाज सुनकर बदमाश घबरा गया और अपनी स्कूटी से यू-टर्न लेकर मौके से फरार हो गया।

# ग्राम रथ अभियान के समापन पर संध्या चौपाल आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र तारानगर में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु चलाये जा रहे ग्राम रथ अभियान के समापन पर ग्राम बुचावास में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मोबाईल एलईडी वैन के माध्यम से सरकार की योजनाओं से संबंधित वीडियो को ग्रामीणों ने रुचिपूर्वक देखा। स्थानीय कला जत्था के कलाकारों द्वारा अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक सूरजगढ़ सुभाष पूनिया व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने अपने उद्बोधन में डबल इंजन की सरकारों द्वारा जनहितार्थ किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने खाद्य सुरक्षा योजना, जल जीवन मिशन, कृषि एवं पशुपालन तथा अन्य विभागों द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का अधिकाधिक लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों से अवगत करवाया। सरकार ने डीबीटी जैसी व्यवस्था लागू कर भ्रष्टाचार को समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपने सुझाव मांगते हुए यह अपील भी की कि वे सार्वजनिक तथा व्यक्तिगत परिवेदनाएं सुझाव पेटिका में डालें। आपके सुझाव सीधे राज्य सरकार तक पहुंचाए जाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा अनु. जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष झुंझुनू सुरेन्द्र भाटिया ने भी अपने विचार रखे। बाद में संध्या चौपाल में मुख्यमंत्री के उद्बोधन का भी सीधा प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर तहसीलदार हनुमान सिंह, प्रशासक सीता देवी व्यास, ग्राम विकास अधिकारी रवि कुमार, प्रोग्रामर महेन्द्र सहारण, तरूण कुमार, सीताराम सुथार, किशनलाल दर्जी, भागीरथदास स्वामी, महावीरप्रसाद पांडिया, रैंवताराम मेघवाल, फूलाराम सहारण, मनोज व्यास, डॉ मनोज सहारण, अधिशाषी अभियंता राजेश जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास अधिकारी छगनलाल छींपा तथा भाजपा मण्डल अध्यक्ष रणजीत सिंह तंवर ने किया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** सरगोठ गांव में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ 21 कुण्डात्मक मानव कल्याणार्थ भव्य श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ सुबह सवा 8 बजे मठ मंदिर शिवालय से हुआ जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए यज्ञ स्थल श्रीगणपति धाम, गणपतेश्वर गौशाला परिसर सरगोठ पहुंचीं। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष ग्रामीण नाचते गाते शामिल हुए। यज्ञकर्ता बाल योगी संत प्रयागदास महाराज ने बताया कि 17 से 25 मई तक आयोजित होने वाले इस महायज्ञ में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ, प्रतिदिन प्रात: साढ़े आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक व दोपहर 2 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक यज्ञ आचार्य संदीप शर्मा के नेतृत्व में यज्ञ में आहुतियां दी जा रही है।

प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7:30 बजे तक संतों का प्रवचन होगा जिसमें अनेक संत महात्मा अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जोहड़ादास आश्रम महरोली के राममूर्तिदास महाराज, रघुनाथ धाम खेजरोली के राघवदास महाराज, श्रीराम टेकड़ी धाम लिसाड़ियां के महात्यागी बालकदास महाराज, यज्ञ संरक्षक गणपति धाम सरगोठ के दौलतदास महाराज सहित अनेक संत महात्मा व सरगोठ गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नलापति बालाजी धाम में नगर समृद्धि हेतु श्रीरामधुन शुरू



प्रदीप सैनी

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** दांता कस्बे के वार्ड नं 9 में स्थित श्री नलापति बालाजी धाम में नगर समृद्धि हेतु श्रीरामधुन का शुभारम्भ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। विशाल कलश यात्रा सुबह बैंडबाजे व डीजे के साथ सीतारामजी के मंदिर से नाचते-गाते हुए कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री नलापति बालाजी धाम पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अनेक जगहों पर भामाशाहों द्वारा जलपान, फल एवं ज्यूस की व्यवस्था की गई। श्री नलापति बालाजी धाम मंदिर परिसर में पहुंचने के तत्पश्चात महिलाओं द्वारा कलश, जल तथा निशान अर्पित किया गया। इस दौरान एक माह के लिए श्रीरामधुन का शुभारंभ छोटी बालिका के द्वारा गणमान्यजनों की उपस्थिति में द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कलश यात्रा में पुरूषों, महिलाओं, बालकों, बालिकाओं एवं भक्तों सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। मन्दिर पुजारी उमाशंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आठवीं रामधुन हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक माह की अखण्ड रामधुन का आयोजन 17 मई से 22 जून तक किया जाएगा। वहीं प्रत्येक शनिवार को रामभरोसे सुंदरकांड मंडल द्वारा रात्रि सवा 8 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। रामधुन के अंतिम चार दिवस में बालाजी का अभिषेक, श्रीराम मारुति महायज्ञ तथा 20 जून को विशाल भजन संध्या, विशाल शोभायात्रा एवं 21 जून को श्रीराम दरबार अभिषेक एवं बालाजी रुद्राभिषेक,, महायज्ञ होगा। 22 जून श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा तथा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दांता में प्रतिवर्ष नगर समृद्धि हेतु श्री नलापति बालाजी धाम में रामधुन का आयोजन किया जाता है। भक्तों ने बताया कि इस एक माह के धार्मिक आयोजन में दांता एवं आसपास के गांवों के श्रद्धालु व कई प्रवासी अपनी सेवाएं देते है।

# 50 बच्चों को कराया भोजन और शीतल पेय वितरित

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** शनि अमावस्या के पावन अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन ने एक बार फिर सेवा और समर्पण का परिचय देते हुए 50 जरूरतमंद बच्चों के लिए भोजन और शीतल पेय की व्यवस्था की। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से शनि देव की पूजा के साथ हुई। इसके बाद बच्चों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन परोसा गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए संगठन की सदस्य दिव्या सोनी की ओर से ठंडा लीची जूस भी वितरित किया गया, जिससे बच्चों को गर्मी से राहत मिली। अध्यक्ष सुषमा बजाज ने कहा हमारे संस्कारों में अन्नदान को महादान कहा गया है। शनि अमावस्या का दिन सेवा के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। आज बच्चों की आँखों में जो संतोष और मुस्कान देखी, वही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बताया कि संगठन हर पर्व और अवसर पर समाज के वंचित वर्ग तक मदद पहुंचाने का प्रयास करता रहता है। इस पुण्य कार्य में मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव सरोज राठी, सह सचिव मीनू शर्मा, कोषाध्यक्ष मैना तापड़िया, रेखा बजाज, संतोष भांभू, सुशीला तापड़िया, अंजू हीरावत, कौशल्या तापड़िया, शांति मूंदड़ा, सरिता झवर, सुमन मोहता, मंजू, सुनीता सहित अन्य बहनों ने सक्रिय भूमिका निभाई। बच्चों ने भी संगठन की बहनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह का प्यार और अपनापन उन्हें घर जैसा लगता है। आयोजन के अंत में सभी ने मिलकर प्रसाद वितरण किया और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और भोजन के क्षेत्र में ऐसे सेवा प्रकल्प आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में एक युवती को उसके ही पड़ोसी ने शादी का झांसा देकर झूठे प्यार में फंसाया और 8 साल तक उसकी आबरू से खेलता रहा। पीड़िता ने जब शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। खुद के साथ धोखे का अहसास होने पर पीड़िता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पड़ोसी को गिरफ्तार कर लिया, जिसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने मामला दर्ज कराया है कि एक ही कॉलोनी में रहने के कारण दोनों के बीच बातचीत होती रहती थी। जिसके बाद पड़ोसी ने उसे प्यार के जाल में फंसाया और मिलने का झांसा देकर उसे अकेले में बुलाया। अकेलपन का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ जबदस्ती की। विरोध करने पर आरोपी ने शादी का झांसा दिया और 8 साल तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने आरोपी पर शादी करने का अंतिम दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से पूरी तरह मुकर गया और शादी करने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने न्याय के लिए पुलिस की शरण ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी पड़ोसी को धर-दबोचा। पुलिस ने मामले की जांच पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

# जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता : डॉ भण्डारी



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** महेश्वरी समाज नोखा एवं मरूधर मेडिकल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 16-17 मई को माहेश्वरी भवन नोखा में विशाल मधुमेह एवं जांच व परामर्श कैम्प का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। शिविर के दूसरे दिन प्रख्यात चिकित्सक डॉ सुधीर भंडारी ने शिविर में अपनी विशेष सेवाएं दी और मरीजों के स्वास्थ्य की सघन जांच की। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत भगवान महेश के आगे दीप प्रज्वलन एवं महेश वंदना से हुई। इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर डॉ सुधीर भंडारी द्वारा एक विशेष सेमिनार का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में मरीजों और शहरवासियों ने भाग लिया। लक्ष्मीकांत राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ सुधीर भंडारी द्वारा आयोजित इस सेमिनार में मधुमेह को नियंत्रित करने के कई अचूक और व्यावहारिक टिप्स दिए गए। डॉ भंडारी के इस मार्गदर्शन और उनके द्वारा सुझाए गए टिप्स से शिविर में आए सभी मधुमेह रोगियों को अत्यधिक लाभ मिला है। मरीजों ने डॉ भंडारी द्वारा दी गई जानकारी को अपने स्वास्थ्य सुधार के लिए बेहद उपयोगी बताया। अंत में आयोजन समिति द्वारा शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों, मेडिकल स्टाफ और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया गया।

### सेमिनार के मुख्य बिंदु

खान-पान और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता व नियमित व्यायाम और तनाव मुक्त जीवन जीने के तरीके। ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने के लिए समय-समय पर जांच करवाएं।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में हुई रोचक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सुजानगढ़ की ओर से सोना देवी सेठिया पीजी कॉलेज में वीर बाला काली बाई प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शहर सहित छापर, जसवंतगढ़, सालासर के करीब 400 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले, राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिभाएं और प्रतियोगी परीक्षा पास करने वाले युवा शामिल थे। कार्यक्रम में डॉ रवींद्र भांभू, प्रिंसिपल डॉ साधना सिंह, रामबिहारी पुजारी, एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उत्तम चौधरी, प्रांत मंत्री शुभेंद्र सिंह निर्वाण, नगर सह मंत्री आस्था स्वामी, श्याम स्वर्णकार मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलन से की। मुख्य वक्ता शुभेंदु सिंह निर्वाण ने अपने संबोधन में कहा कि एबीवीपी ने इतिहास में देशभक्ति के आयाम स्थापित किए हैं। एबीवीपी ने एक जिम्मेदार छात्र संगठन की भूमिका निभाते हुए हमेशा छात्रहित में काम किया है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान समारोह में प्रतिभाओं के सम्मान से युवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी। समारोह में छात्राओं ने जोरदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं प्रांत छात्रावास सह संयोजक विशाल सोनी, जिला संयोजक जय सिंह राठौड़, नगर मंत्री शुभम प्रजापत, विभाग छात्रा प्रमुख रमा शेखावत, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रामरतन सियाग, राहुल सामरिया, संगठन मंत्री सुनील कुमावत ने संभाली।

# मध्यम से कठिन स्तर का रहा जेईई एंडवांस्ड पेपर

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** एनटीए द्वारा आयोजित जेईई एडवांस्ड पेपर का आयोजन रविवार को दो पारियों में हुआ। प्रथम पारी में आयोजित पेपर में प्रत्येक विषय में एक विकल्प सही वाले चार प्रश्न, एक या एक से अधिक सही वाले चार प्रश्न,, न्यूमेरिकल टाइप के चार प्रश्न तथा मैच द कॉलम के चार प्रश्न पूछे गये। इस प्रकार एक विषय से 16 व कुल 48 प्रश्न पूछे गये। प्रथम पेपर में फिजिक्स, कैमेस्ट्री एवं मैथ्स तीनों विषयों के प्रश्नों का लेवल मध्यम स्तर का रहा। द्वितीय पेपर में आयोजित पेपर में प्रत्येक विषय में एक विकल्प सही वाले चार प्रश्न, एक या एक से अधिक सही वाले पाँच प्रश्न तथा न्यूमेरिकल टाइप के पाँच प्रश्न सहित दो पैरेग्राफ के प्रश्न भी पूछे गये जिसमें प्रत्येक में दो-दो प्रश्न थे। इस प्रकार द्वितीय पेपर में प्रत्येक विषय से 18 प्रश्न सहित कुल 54 प्रश्न पूछे गये। द्वितीय पेपर में फिजिक्स के प्रश्नों का लेवल कठिन रहा जबकि कैमेस्ट्री एवं मैथ्स के प्रश्नों का लेवल मध्यम स्तर का रहा। प्रत्येक प्रश्न पत्र 180 अंक सहित दोनों प्रश्न पत्र कुल 360 अंकों का रहा। ओवरऑल दोनों प्रश्न पत्रों का लेवल मध्यम से कठिन स्तर का रहा। दोनों ही पेपर में विद्यार्थियों को कैल्कुलेशन में अधिक समय लगा। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार पैटर्न में यह बदलाव रहा कि एक से अधिक विकल्प सही वाले प्रश्नों में नेगेटिव मार्किंग पहले माइनस 2 की होती थी जो कि इस बार माइनस 1 की हुई है। साथ ही न्यूमेरिकल टाइप वाले प्रश्नों में नेगेटिव मार्किंग नहीं हुई है।

# तेज हीट वेव के बीच आवर फॉर नेशन ने रेलवे स्टेशन पर की सफाई

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी और तेज हीट वेव के बीच जब अधिकांश लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं,, ऐसे समय में टीम आवर फॉर नेशन के सदस्यों ने रविवार सुबह बीकानेर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 स्थित एस्केलेटर एंट्री की पार्किंग एवं सजावटी क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर समाज सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र की गहन सफाई की गई तथा लगभग एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कचरा हटाया गया। टीम के सदस्यों ने धूल, प्लास्टिक, पुराने बैनर एवं अन्य गंदगी को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। विशेष बात यह रही कि आज टीम के प्रेरणास्रोत सीए सुदीश शर्मा बीकानेर से बाहर होने के बावजूद टीम के सदस्यों का उत्साह और जुनून कम नहीं हुआ।

सदस्यों ने पूरे समर्पण, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ अभियान को सफल बनाया। टीम के सदस्यों का कहना था कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि नागरिक जिम्मेदारी है और शहर सप्ताह कुछ समय राष्ट्र के नाम की भावना के साथ टीम लगातार शहर में स्वच्छता एवं जनजागरण के कार्य कर रही है। रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल पर चलाए गए इस अभियान की आमजन एवं यात्रियों द्वारा भी सराहना की गई। अभियान में सीए वसीम रज़ा, पुरुषोत्तम शर्मा, गुरमोहन सेठी, इन्द्र सिंह, गजेंद्र सिंह, बसंत, भवानी सिंह राजपुरोहित, डॉ रेखा श्रीवास्तव, दीपा सिंह, वंदना शर्मा, चन्द्र कला उपाध्याय, डॉ फारूक अहमद, किशोर भाटिया, मो. हसन, मानक व्यास, रामहंस मीना, राजू ड्रेसर एवं महेंद्र तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मकान सूना छोड़ परिवार को शादी में जाना पड़ा भारी

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा थाना इलाके में नकाबपोश बदमाशों ने सूने मकान पर निशाना साधते हुए लाखों रुपए के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ किया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार को वारदात की जानकारी शादी से लौटने के बाद चली। मकान का ताला टूटा देख पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित ढेहर का बालाजी के परसराम नगर में रहने वाले सोनू अग्रवाल परिवार सहित शादी समारोह में शामिल होने गया था। तभी पीछे से नकाबपोश बदमाशों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए उसके अंदर घुसे और अलमारी का ताला तोड़ उसमें रखे सोने-चांदी के लाखों रुपए के आभूषण व नकदी चोरी कर फरार हो गए।

## सम्पादकीय

# चौतरफा महंगाई



बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों से पता चला कि एक माह के भीतर ही थोक महंगाई दर दुगनी हो गई है। जो कि पिछले 42 महीनों के उच्चतम स्तर पर जा पहुंची है। अब शुक्रवार को पेट्रोल व डीजल तथा सीएनजी के दामों में वृद्धि ने आम आदमी को व्यथित कर दिया। जाहिर है पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि से न केवल यातायात महंगा हो जाता है बल्कि मालभाड़ा बढ़ने से हर चीज के दामों में उछाल आ जाता है। वहीं रोजमर्रा का सामान बनाने वाली कंपनियां दुहाई दे रही हैं कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि से उनकी उत्पादन लागत में दस से बीस फीसदी की वृद्धि हुई है। फलतः इन कंपनियों ने छूट व प्रचार खर्च में कटौती करके भंडारण क्षमता व आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना प्राथमिक लक्ष्य बनाया है। अतः देश की एफएमसीजी रोजमर्रा के सामान की लागत बढ़ने व मुनाफे पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिये चरणबद्ध तरीके से वस्तुओं के दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। यह भी हकीकत है कि पिछली तिमाही में ये एफएमसीजी पहले ही तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि वस्तुओं की कीमतों में कर चुकी हैं। फलतः आम उपभोक्ता को अभी और महंगाई को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि रुपये के गिरते मूल्य ने भी कीमतें बढ़ाने का दबाव बनाया है। कंपनियां अपना मुनाफा बनाये रखने के लिये कीमतें बढ़ाने और पैकेटबंद उत्पादों की मात्रा घटाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। आशंका जतायी जा रही है कि पेट्रोल व डीजल के दामों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि के बाद टेलीकॉम कंपनियां रिचार्ज प्लान बढ़ा सकती हैं। उनका दावा है कि मोबाइल टॉवर को चलाने में आने वाला 40 फीसदी खर्च सिर्फ पेट्रोल और बिजली पर होता है। यह खर्चा टैरिफ बढ़ाकर ग्राहकों पर डाला जा सकता है। वहीं सरकारी तेल कंपनियां कह रही हैं कि होर्मुज स्ट्रेट बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बाद उन्होंने मामूली वृद्धि पेट्रोल व डीजल के दामों में की है। निश्चित रूप से पश्चिम एशिया संकट के चलते उपजे हालात ने बताया है कि भारत को ऊर्जा सुरक्षा नीति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन की खपत को कम करने के आह्वान के कुछ दिन बाद ही पेट्रोल, डीजल व सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी चार साल से अधिक समय में पहली बार की गई है। निस्संदेह, खाड़ी संकट से उपजे हालात में कीमतों में यह वृद्धि अनिवार्य लग रही थी। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु आदि राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के चलते ही सरकार ने यह कदम देर से उठाया है। चुनाव परिणाम आने के बाद जब हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन खपत में कटौती करने का आगाह किया था, तो संकेत माना गया कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि हो सकती है।

## विशेष आलेख

# सौर शक्ति प्रदान करेगी हमें आर्थिक संप्रभुता



जब पश्चिम एशिया के आसमान में मिसाइलें उड़ती हैं, तो उसका असर हर घर के बिजली और पेट्रोल बिल पर पड़ता है। हालिया संकट ने भारत की इस कमजोरी को उजागर किया है। भारत कच्चे तेल का दुनिया भर में तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है; यह अपनी ज़रूरत का लगभग 89 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। यानी मोटे तौर पर हर साल 1.75 अरब बैरल, या हर दिन लगभग 4.8 मिलियन बैरल। इसका 60 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा भू-राजनीतिक रूप से संवेदनशील 'स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़' से होकर आता है। 2024-25 में, भारत का कच्चे तेल का आयात खर्च 137 अरब डॉलर रहा। यदि कीमतें मार्च माह की औसत दर 113.57 डॉलर पर बनी रहती हैं तो यह आयात मद बढ़कर लगभग 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। कच्चे तेल के एक बैरल की कीमत में दस डॉलर की बढ़ोतरी से हमारे आयात बिल में 14 से 16 अरब डॉलर की वृद्धि होती है। यह वह पैसा है जो कीमती विदेशी मुद्रा भंडार से खर्च किया जाता है। यह संशोधित किया गया तेल सामान ढोने वाले ट्रकों, खेतों में काम करने वाले ट्रैक्टरों में और उन मछली पकड़ने वाली नावों में भी इस्तेमाल होता है। यह उन डीज़ल जनरेटरों में इस्तेमाल होता है जो पूरे ग्रामीण भारत में दूरसंचार टॉवरों को चालू रखे हुए हैं। इस कमज़ोरी को कम करने का एक तरीका है सौर ऊर्जा।

भारत की भौगोलिक स्थिति एक वरदान है, फलतः यहां साल के 300 से ज़्यादा दिन तेज़ धूप खिली रहती है। हालांकि, गर्मियों में प्रचंड ताप भरे कुछ दिन अभिशाप भी बन जाते हैं। हमने अभी-अभी अप्रैल माह का एक बेहद गर्म हफ्ता गुजारा है। इस दौरान, धरती के बीस सबसे गर्म स्थानों में से उन्नीस भारत में थे। लेकिन यह ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक अवसर भी प्रदान करता है।

भारत 'इंटरनेशनल सोलर अलायंस' का नेतृत्व करता है, जो 120 से ज़्यादा देशों का एक समूह है। वर्ष 2025 में, भारत ने 38 गीगावाट नई सौर क्षमता जोड़ी है, और इस मामले में 35 गीगा वाट वाले अमेरिका को पीछे छोड़ दिया। अब भारत की कुल स्थापित सौर क्षमता 150 गीगावाट से ज़्यादा हो गई है, और सालाना सौर ऊर्जा उत्पादन 2013-14 के 3.4 टेरावाट-घंटे से बढ़कर 2024-25 में 144 टेरावाट-घंटे तक पहुंच गया है।

अप्रैल की भीषण गर्मी ने जब पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा दिया तो बिजली ग्रिड को अब तक की सबसे ज़्यादा मांग का सामना करना पड़ा यानी 256 गीगावाट। उस अहम दिन, अकेले सौर ऊर्जा से ही 81 गीगावाट बिजली बन रही थी। यह देश में कुल बिजली उत्पादन का एक-तिहाई हिस्सा था। ग्रिड फेल नहीं हुई। सौर ऊर्जा हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने में भी मददगार है। तेल आयात पर हमारी निर्भरता में अगर सिर्फ़ 10 प्रतिशत की भी कमी आ जाए, तो तेल की कीमतों के आधार पर हर साल 13 से 20 अरब डॉलर तक की बचत हो सकती है। अगर सौर ऊर्जा से चलने वाली बिजली, डीज़ल जेनरेटरों की जगह ले लें; डीज़ल पंपों की जगह इलेक्ट्रिक पंपों का उपयोग होने लगे; और इलेक्ट्रिक वाहन, पेट्रोल और डीज़ल की मांग को कम कर दें तो इस तरह से हुई 10 करोड़ बैरल तेल की बचत से, विदेशी मुद्रा के रूप में हर साल 7.5 से 11 अरब डॉलर तक की बचत हो सकती है।

दिलचस्प संभावना यह भी है कि भारत एक ऊर्जा निर्यातक देश बन सकता है। भारतीय तेल शोधन (रिफाइनिंग) क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है, जो पहले से ही इसकी घरेलू खपत (239 मिलियन मीट्रिक टन) से कहीं ज़्यादा है। साल 2025 में, भारत ने 64.7 मिलियन मीट्रिक टन शोधित पेट्रोलियम उत्पाद जैसे कि पेट्रोल, डीज़ल और एविएशन फ्यूल का निर्यात किया, जिनकी कुल कीमत 52 अरब डॉलर से भी ज़्यादा थी; यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत की तेल शोधन क्षमता साल 2028 तक बढ़कर 309 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी। अगर सौर ऊर्जा और बिजली के बढ़ते इस्तेमाल से घरेलू ईंधन की खपत धीरे-धीरे कम होती है, तो भारत में शोधित होने वाला ज़्यादा से ज़्यादा ईंधन विदेशों में निर्यात किया जा सकेगा, जिससे हमें बहुमूल्य डॉलर की कमाई होगी। भारत जितनी मात्रा में कच्चे तेल का आयात करेगा, उसे कहीं ज़्यादा कुशलतापूर्वक शोधित करेगा, और फिर उस 'मूल्य-वर्धित' ईंधन का निर्यात करेगा—इस तरह भारत इस पूरे क्षेत्र के लिए एक 'ऊर्जा धुरी' के रूप में काम करेगा। अगर इस दिशा में पूरी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ा जाए, तो हम भारत को एक 'ऊर्जा आयातक' देश से बदलकर एक 'शुद्ध ऊर्जा निर्यातक' देश के रूप में उभरते हुए देख सकते हैं। सौर ऊर्जा के इस सफ़र में कुछ बाधाएं भी हैं। सौर पैनल लगाने के लिए ज़मीन के विशाल भूखंडों की ज़रूरत पड़ती है। जिस देश में खेती लायक ज़मीन की कमी हो, वहां ज़मीन की उपलब्धता एक वास्तविक चुनौती है। फलतः सौर पैनलों को बंजर ज़मीन, घरों की छतों, राजमार्गों के किनारे और नहरों के तटबंधों पर लगाया जाए। सोलर पैनलों पर जमने वाली मोटी धूल को हटाने के लिए उन्हें धोने के लिए पानी की भी ज़रूरत होती है, खासकर राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में, जहां सोलर ऊर्जा उत्पादन की सबसे ज़्यादा संभावना है, लेकिन पानी की कमी है। बिना पानी के काम करने वाले रोबोटिक पैनल क्लीनर एक उभरता हुआ समाधान हैं। भारत को इनका बड़े पैमाने पर अपने देश में ही उत्पादन करना चाहिए। बनी बिजली का संग्रहण करने की सुविधा न होने की वजह, सोलर ऊर्जा में एक बुनियादी कमी है। भारत को स्टोरेज सिस्टम को बड़े पैमाने पर लगाने की तत्काल ज़रूरत है। साल 2025 में, भारत ने 2.3 टेरावॉट-घंटे जितनी स्वच्छ सोलर ऊर्जा इस्तेमाल इसलिए नहीं हो पाया, क्योंकि वह ग्रिड तक पहुंच नहीं पाई। यह इंजीनियरिंग और आर्थिक, दोनों ही नज़रिए से एक नाकामी है। भारत अपने ज़्यादातर सोलर पैनल और उनके पुर्ज़े चीन से मंगवाता है, जिससे व्यापार में असंतुलन और भी बढ़ जाता है। हालांकि, देश के अंदर ही सोलर मॉड्यूल बनाने की क्षमता बढ़कर 172 गीगावॉट तक पहुंच गई है। सरकार ने साल 2028 तक देश में ही सोलर सेल और वेफ़र बनाने का लक्ष्य तय किया है। एक ऐसा भारत जो अपने सोलर उपकरण खुद बनाता हो। यहां काम करने को पांच अहम बिंदु हैं—प्रथम, सौर ऊर्जा को राष्ट्रीय सुरक्षा के बुनियादी ढांचे के तौर पर देखें, और इसकी वरीयता रक्षा के बराबर हो। फलतः फंड को कम से कम दोगुना किया जाना चाहिए। द्वितीय, बैटरी स्टोरेज में तुरंत और बड़े पैमाने पर निवेश करें। वरना, हर शाम बिजली ग्रिड को कोयले और डीज़ल पर निर्भर होना पड़ेगा। तृतीय, राष्ट्रीय ट्रांसमिशन ग्रिड को अपग्रेड करना। राजस्थान और गुजरात जैसे सौर ऊर्जा से भरपूर राज्यों में बनी सौर बिजली को महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे ज़्यादा मांग वाले केंद्रों तक पहुंचाने में सक्षम बनाना। चतुर्थ, दो-पहिया, तीन-पहिया वाहनों और बसों को इलेक्ट्रिक वाहनों में तब्दील करने की रफ़्तार तेज़ करना, क्योंकि पेट्रोलियम का सबसे ज़्यादा इस्तेमाल परिवहन क्षेत्र में ही होता है। पंचम, प्रधानमंत्री सूर्य घर और इससे जुड़ी अन्य योजनाओं के ज़रिए रूफटॉप सोलर एनर्जी का विस्तार करना। भारत में बिजली की सबसे ज़्यादा मांग और बढ़कर 271 गीगावॉट तक पहुंचने का अनुमान है। आज जहां युद्धों से तेल आपूर्ति मार्ग रातों-रात बंद हो सकते हैं, वहां ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर होना देश की संप्रभुता के लिए अनिवार्य ज़रूरत है। भारत में सूरज हर सुबह बिना कोई मोल-भाव किए, बिना किसी भू-राजनीतिक दांव-पेंच के और बगैर किसी दाम के उगता है। सवाल है कि भारत इस ऊर्जा का इस्तेमाल बड़े पैमाने व तेज़ी से कैसे कर पाता है।

## स्वास्थ्य समाचार

# नवजात को किस करने से पहले जान लें यह जरूरी बातें, वरना बाद में पड़ सकता है पछताना

अक्सर जब भी हम किसी छोटे बच्चे को देखते हैं तो उसे प्यार किए बिना नहीं रह पाते हैं। क्योंकि छोटे बच्चे इतने प्यारे होते हैं, कि उन्हें देखते ही कोई भी किस कर लेता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि किसी भी बच्चे को किस करने से पहले 100 बार सोचना चाहिए। बता दें कि छोटे बच्चों की इम्यूनिटी काफी कमजोर होती है। ऐसे में बड़ों द्वारा उनको किस करना बिलकुल भी सेफ नहीं होता है। छोटे बच्चों को किस करने से उनमें न सिर्फ इंफेक्शन बल्कि कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। सिर्फ वयस्क ही नहीं बच्चे की मां को भी ऐसा करने से बचना चाहिए। क्योंकि किस करने से बच्चों के शरीर में बड़े लोगों की बैक्टीरिया जा सकती है। जो कई तरह की बीमारियों का कारण भी बन सकता है। इन बीमारियों का सामना बच्चे का कमजोर इम्यून सिस्टम नहीं कर सकता है। इसलिए हेल्थ एक्सपर्ट्स कहते हैं कि नवजात या 10 साल से कम उम्र के बच्चे को किस करने से सेहत संबंधी कई नुकसान हो सकते हैं।

**सांस की बीमारी :** बता दें कि छोटे बच्चे की रेस्पिरेटरी सिस्टम यानी श्वसन प्रणाली को अच्छी तरह से विकसित होने में करीब 8 साल का समय लगता है। ऐसे में यदि बच्चे के होंठों पर किस किया जाता है, तो उनके फेफड़ों में संक्रमण का खतरा हो सकता है। फेफड़ों में संक्रमण होने के कारण बच्चा सांस संबंधी समस्या का शिकार हो सकता है।



**स्किन प्रॉब्लम :** बड़े लोग और खासकर महिलाएं अपने चेहरे और होंठ पर कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। महिलाओं के ब्यूटी प्रोडक्ट में कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं, जो बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक बच्चों की त्वचा काफी सेंसिटिव होती है। ऐसे में अगर उनकी स्किन ब्यूटी प्रोडक्ट के संपर्क में आती है। तो बच्चे को रैशेज, रेडनेस और खुजली जैसी समस्या हो सकती है।

**फ्लू :** वयस्क लोगों के लिए फ्लू भले ही एक आम समस्या है, लेकिन छोटे बच्चों के लिए यह काफी खतरनाक साबित हो सकती है। क्योंकि अगर किसी व्यक्ति को सर्दी, खांसी, जुकाम या अन्य तरह का कोई सीजनल तरह की स्वास्थ्य समस्या है और वह व्यक्ति बच्चे को किस करता है।

### कैविटी

हेल्थ एक्सपर्ट्स बताते हैं कि जब वयस्क बच्चे के होठों पर किस करता है तो बच्चे के मुंह में सलाइवा जा सकता है। इससे स्ट्रेप्टोकोकस म्यूटने नाम के बैक्टीरिया बच्चों के दांतों में कैविटी की वजह बन सकते हैं। इसके अलावा यदि वयस्क किसी तरह की बीमारी से पीड़ित है तो उसके कीटाणु बच्चे के शरीर में प्रवेश कर सकते हैं।

# वात दोष असंतुलित होने पर शरीर में नजर आते हैं यह संकेत, न करें नजरअंदाज

शरीर में कोई भी समस्या होने पर उसके लक्षण बाहरी रूप से नजर आने लगते हैं। लेकिन कई समस्याएं ऐसी होती है जिसके लक्षण बाहरी रूप से नजर नहीं आते। ऐसे में समस्या को समझना मुश्किल हो सकता है, जैसे की वात दोष की समस्या। शरीर के सभी कार्य वात पित्त के जरिये नियंत्रित होते हैं। वहीं अगर हमारा वात पित्त असंतुलित हो जाए, तो इससे अत्यधिक गैस बनना, पेट फूलना, बेचैनी होना या नींद न आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



### रूखी त्वचा और बाल

अक्सर मौसम में बदलाव और देखभाल न करने के कारण त्वचा और बालों में ड्राईनेस आने लगती है। लेकिन अगर आपको अक्सर यह समस्या रहती है, तो यह वात पित्त असंतुलित होने का संकेत हो सकता है। इसके लिए दिनचर्या में जरूरी बदलाव फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

### जल्दी खांसी-जुखाम होना

मौसम में अचानक बदलाव आने या खानपान का ध्यान न रखने के कारण खांसी-जुखाम होना आम बात है। लेकिन अगर आपको बार-बार यह समस्या होती रहती है, तो यह वात पित्त असंतुलित होने का कारण हो सकता है।

### कब्ज की समस्या होना

अस्वस्थ खानपान और तरल पदार्थों का कम सेवन करने के कारण कब्ज की समस्या हो सकती है। लेकिन जिन लोगों को अक्सर कब्ज की समस्या रहती है, उनका वात असंतुलित होने की संभावना हो सकती है। ऐसे में पर्याप्त सब्जियों और फलों का सेवन करने से समस्या पर कंट्रोल किया जा सकता है।

### मन में बेचैनी रहना

अक्सर मन में बैचेनी रहना, कंफ्यूजन होना भी वात असंतुलित होने का कारण हो सकता है। ऐसे में मन में हमेशा विचार चलते रहते हैं या व्यक्ति हर चीज की जल्दबाजी में रहता है।

### चीजों से जल्दी बोर हो जाना

अगर आप दिनचर्या से जल्दी बोर हो जाते हैं, तो यह वात असंतुलित होने का कारण हो सकता है। वात पित्त से ग्रस्त व्यक्ति हर चीज से जल्दी बोर हो जाते हैं। ऐसे लोगों का किसी एक चीज पर ध्यान लगा पाना मुश्किल होता है।

# ड्राई स्किन को नुकसान पहुंचाते हैं केमिकल वाले क्लींजर, ट्राई करें घर पर बने यह नैचुरल क्लींजर



हरे पर धूल-मिट्टी, प्रदूषण, गंदगी और मेकअप जमा होने से त्वचा को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए त्वचा को नियमित सफाई की जरूरत पड़ती है। लेकिन ड्राई स्किन की बार-बार सफाई करने से त्वचा अधिक रूखी हो सकती है।

**ऑलिव ऑयल क्लींजर :** ऑलिव ऑयल स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। ऑलिव ऑयल ड्राई स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाता है। इसके लिए आप 2 चम्मच ग्लिसरीन, आधा कप ऑलिव ऑयल, 2 चम्मच फेस सोप और 2 चम्मच पानी लें। सभी को अच्छी तरह से ब्लैंड कर लें। इस पेस्ट को अपनी ड्राई स्किन पर लगाएं, फिर ताजे पानी से चेहरा धो लें। इससे स्किन पर जमा सारा डर्ट आसानी से निकल जाएगा। ऑलिव ऑयल का यह क्लींजर आपके चेहरे की अच्छी तरह से सफाई करता है। आप सभी तरह की स्किन टाइप पर ऑलिव ऑयल क्लींजर का यूज कर सकते हैं।

**बादाम क्लींजर :** शहद, अंडे की जर्दी और बादाम क्लींजर भी ड्राई स्किन के लिए लाभकारी हो सकता है। इसके लिए आप अंडे की जर्दी लें, इसमें 1 चम्मच शहद और 5 बादाम का पेस्ट मिला लें। इसे अपने पूरे चेहरे, माथे पर लगाएं। सूखने के बाद चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। इससे स्किन मॉयश्चराइज होगी, त्वचा में निखार भी आएगा।

**दही और शहद क्लींजर :** अगर आपकी ड्राई स्किन है, तो आप घर पर ही दही और शहद से भी क्लींजर बना सकते हैं। दही और शहद का ड्राई स्किन के लिए एक बहुत अच्छा क्लींजर है। दही और शहद क्लींजर बनाने के लिए आप 1 चम्मच दही लें, इसमें 1 चम्मच शहद मिला लें। इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं, 2 मिनट बाद साफ पानी से धो लें। दही और शहद से चेहरा धोने से स्किन हमेशा मॉयश्चराइज रहेगी, स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनेगी। दही और शहद त्वचा की रंगत को भी साफ करने में मदद करते हैं।

**शहद और एलोवेरा क्लींजर :** शहद और एलोवेरा दोनों ही ड्राई स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाते हैं। एलोवेरा में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, वही शहद में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। त्वचा को साफ करने के लिए आप शहद और एलोवेरा क्लींजर का यूज कर सकते हैं। शहद और एलोवेरा क्लींजर चेहरे की गंदगी, प्रदूषण के कणों को आसानी से हटाता है। साथ ही स्किन को मॉयश्चराइज भी बनाता है।

## आज का राशिफल

### मेष

नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृष

किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### मिथुन

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### कर्क

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### सिंह

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### कन्या

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### तुला

यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### वृश्चिक

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### धनु

स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मकर

दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कुंभ

भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### मीन

घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

## विष्णुपुराण कथा का आयोजन 25 से

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम मास के पावन उपलक्ष्य में नोखा की धर्म धरा में पहली बार विष्णुपुराण कथा रसोत्सव का आयोजन 25 मई से 31 मई तक विश्नोई धर्मशाला, सुजानगढ़ रोड में किया जाएगा। आयोजन से जुड़े ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि श्री मरुनायक व्यास पीठाधीश्वर पंडित भाईश्री के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। पंडित भाईश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि नोखा की धरती पर विष्णुपुराण का यह दिव्य, नव्य एवं भव्य आयोजन होगा जिसमें समस्त सनातनी भागीदार बनकर अधिक मास का पुण्य अर्जित कर सकेंगे। 7 दिवस चलने वाली कथा का समय दोपहर 2:15 बजे से 6:15 बजे तक रहेगा।

## 21 मई से निकलेगी 30वीं वैष्णोदेवी पदयात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जय मां वैष्णोदेवी सेवा समिति सांगानेर की ओर से 30वीं विशाल वैष्णोदेवी पदयात्रा का आयोजन 21 मई 2026 से किया जाएगा। 28 दिवसीय यह पदयात्रा जयपुर से वैष्णोधाम कटरा तक निकाली जाएगी। समिति के संस्थापक नारायण राजोरिया ने बताया कि पदयात्रा का शुभारंभ गुरुवार 21 मई को सुबह 11:15 बजे मोती डूंगरी गणेश मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा। संस्थापक नारायण राजोरिया ने बताया कि पूरी 28 दिवसीय पदयात्रा के दौरान रामधुनी का आयोजन लगातार किया जाएगा। इसके साथ ही पदयात्रियों के लिए नाश्ता, पानी और भोजन की व्यवस्था समिति की ओर से नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पदयात्रा में शामिल होने की संभावना है, जिसके लिए समिति ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 27 को

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 39 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 27 मई माहेश्वरी भवन होगा। शिविर प्रभारी व ट्रस्टी नरेंद्र झंवर ने बताया कि इन्द्रचन्द थर्ड वेलफेयर ट्रस्ट कोलकाता के द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी।

## जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल 23 मई को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 23 मई को शास्त्रीनगर स्थित साइंस पार्क में जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल-2026 का आयोजन किया जाएगा। इसमें गायन, वादन और नृत्य की त्रिवेणी प्रवाहित होगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. श्रीराम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से होगा। इसमें 200 कलाकार भाग लेंगे। जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल में गायन प्रस्तुतियों के अंतर्गत एकल प्रस्तुति, युगल प्रस्तुति एवं समूह प्रस्तुति श्रेणियां रखी गई हैं। वहीं वाद्य संगीत प्रस्तुतियों को भी विशेष स्थान दिया गया है। समूह प्रस्तुति के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें श्रेणी, में 4 प्रतिभागी, श्रेणी बी में 6 प्रतिभागी तथा श्रेणी सी में 8 से 10 प्रतिभागी शामिल होंगे।

## ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर आज से

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड एवं शिक्षा विभाग झुंझुनू के तत्वावधान में बालक बालिकाओं एवं महिलाओं को कौशल की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने हेतु ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 मई से 16 जून तक जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रोड नंबर 2 झुंझुनू में आयोजित किया जाएगा। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि अभिरुचि शिविर में सिलाई, नृत्य, पेंटिंग, रंगोली, ब्यूटी पार्लर, स्पोकन इंग्लिश, वाद्य यंत्र, गीत संगीत, मेहंदी, कंप्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे महत्वपूर्ण उपयोगी विषयों का प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन प्रात 7:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होगा जिसमें मनोरंजन हेतु किम गेम, वाईड गेम, गर्म आलू, पूछ उखाड़, पुसी बिल्ली, बोरा कूद, क्रिकेट, म्यूजिकल चेयर, जलेबी खाओ, पापड़ खाओ जैसे आयोजन भी किए जाएंगे। शिविर के दौरान शिविरार्थियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, योग व्यायाम एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शिविर में किसी भी विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। शिविर समाप्ति पर सभी को कार्य दक्षता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। शिविर में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनू अथवा मोरारका कॉलेज के पास स्थित स्काउट गाइड कार्यालय झुंझुनू से कार्यालय समय में प्राप्त किए जा सकते हैं।

## अभिरुचि एवं समाजसेवा शिविर आज से

महेन्द्र खडोलिया

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीमाधोपुर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिरुचि शिविर एवं समाजसेवा शिविर का आयोजन 18 मई से 1 जून तक प्रात: 7:30 से 10:30 बजे तक किया जाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिरुचि शिविर पीएमश्री योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इस गतिविधि में योग, प्रणायाम, आउटडोर, इनडोर खेल, संगीत, नृत्य, चित्रकला, नाटक, मेंहदी, पोस्टर निर्माण, हस्तकला, स्थानीय कला जैसे मूर्ति निर्माण, मिटी के बर्तन बनाने जैसी गतिविधियां करवाई जाएगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सीखने के कौशल को रोचक, गतिविधि आधारित एवं अनुभवात्मक तरीके से विकसित करना है। इस शिविर में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। शिविर के माध्यम से बच्चों की रुचियों, रचनात्मकता एवं विभिन्न कौशलों का विकास किया जाएगा तथा विद्यालय को आनंददायी शिक्षण केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही समाजसेवा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कक्षा 12 में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल होंगे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भाव, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जनजागरूकता रैली आदि गतिविधियाँ आयोजित कराई जाएंगी। डॉ मधु चौधरी ने बताया कि दोनों शिविरों के माध्यम से विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक बल्कि व्यावहारिक एवं सामाजिक रूप से भी सशक्त बनेंगे। इसमें कक्षा 10 व 12 की अतिरिक्त कक्षाओं की भी व्यवस्था की गई है । विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अपने बच्चों को इन शिविरों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करें।

# सद्भावना समिति द्वारा जांगिड़ व शर्मा सम्मानित

निसं




**पिलानी ( नवयत्न )।** सद्भावना समिति पिलानी द्वारा रविवार को बिरला गेस्ट हाउस सभागार में हाल ही में आरएएस में 323 रैंक से चयनित पिलानी की होनहार प्रतिभा बिटिया पायल जांगिड़ व मलेशिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योगा प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता कुमारी जागृति शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महादेव सिंघी नेत्र चिकित्सालय पिलानी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंकित खुल्लर थे। अध्यक्षता सुरेश डाबड़ीवाल ने की विशिष्ट अतिथि बीकेबीआईईटी पिलानी के प्राचार्य मनोज कुमार थे। सर्वप्रथम अतिथियों का सद्भावना समिति के संरक्षक नथमल स्वामी व अध्यक्ष गोकुल राम बाठोलिया के नेतृत्व में दीपेश केडिया, उत्पल शर्मा, सुनील मित्तल, गोविंद राम सोनी आदि पदाधिकारीयों द्वारा पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिह्न भेंट कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अतिथियों द्वारा आरएएस में चयनित पायल जांगिड़ व जागृति शर्मा का साफा पहनाकर, पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ खुल्लर ने अपने संबोधन में कहा कि भविष्य में नई पीढ़ी के युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने में जो सफलता प्राप्त कि है उसके पिछे उनके बड़े बुजुर्गो व उनके शुभचिंतकों का आशीर्वाद होता है जो उन्हें कभी भी भुलाना नहीं चाहिए तथा अपने अतित को नहीं भुलना चाहिए। डॉ खुल्लर ने दोनों प्रतिभावान बेटियों को उनकी सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मैके पर मनोज कुमार, पायल जांगीड़ व जागृति शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश डाबड़ीवाल ने सद्भावना समिति के पदाधिकारीयों का इस कार्यक्रम के आयोजन के आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन समिति के महासचिव पृथ्वी सिंह शेखावत ने किया। कार्यक्रम में मोतीलाल सैनी, निरंजन शर्मा उपप्रधानाचार्य बीकेबीआईईटी पिलानी, राजेश फोरमैन, सुरेश नौवाल, मंटू स्वामी सहित पिलानी के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गर्मी में राहगीरों को पहुंचाई राहत, ठंडा शरबत व ज्यूस पिलाया

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी और तेज तपिश के बीच अल बीर फाउंडेशन की ओर से मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए स्थानीय बस स्टैंड एवं निम्बी चौराहे पर राहगीरों और यात्रियों को ठंडा शरबत व ज्यूस वितरित किया गया।



इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष समीर खान मुनखानी एवं आदिल खान मोयल ने बताया कि लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह नेक पहल शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड और चौराहे से गुजरने वाले यात्रियों के लिए करीब 70 किलो दूध से तैयार स्पेशल ठंडा शरबत और ताजा ज्यूस वितरित किया गया, जिसे लोगों ने काफी सराहा। उन्होंने कहा कि इंसानियत और सेवा की भावना के साथ शुरू की गई यह मुहिम आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगी ताकि गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

## चलती ट्रेन से 63 लाख के जेवर और नकदी चोरी करने वाला गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में चलती ट्रेन के एसी कोच से 63 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 2 लाख रुपए नकद चोरी होने के मामले का जीआरपी जयपुर ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को हरियाणा के महम से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पूरी ज्वेलरी और नकदी बरामद कर ली है। जीआरपी अजमेर के एसपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि चेन्नई निवासी जे. रोशन कुमार ने जयपुर जीआरपी थाने में मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट के अनुसार 1 मई को वह परिवार सहित ट्रेन से चेन्नई से जयपुर आ रहे थे। दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने पर उन्होंने अपना ट्रॉली बैग एसी कोच की गैलरी में रख दिया। दुर्गापुरा स्टेशन पर उतरने के बाद परिवार रायपुर पहुंचा, जहां बैग खोलने पर ज्वेलरी बॉक्स और 2 लाख रुपए नकद गायब मिले। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी जयपुर थानाधिकारी अरुण चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने ट्रेन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें संदिग्ध युवक बैग से सामान निकालते दिखाई दिए। जांच में सामने आया कि आरोपी सांगानेर स्टेशन के पास आउटर पर उतरकर ऑटो से चौमूं पुलिया पहुंचे और वहां से हरियाणा रोडवेज बस में फरार हो गए। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से हरियाणा के महम क्षेत्र में दबिश देकर मुख्य आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 63 लाख रुपए के जेवरात और 2 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई में जीआरपी के एएसआई जगदीश और आसिफ खान की विशेष भूमिका रही। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और ट्रेन में हुई अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।



# जसवंतगढ़ में पेयजल संकट को लेकर आक्रोश, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जसवन्तगढ़ ग्राम में आवश्यकता अनुसार पेयजल आपूर्ति नहीं होने और जल संकट से परेशान ग्रामीणों ने रविवार को विभाग के पंप हाउस का घेराव कर कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा। पंचायत समिति सदस्य यज्ञदत्त दायमा ने बताया कि ग्राम जसवंतगढ़ की 2011 की जनसंख्या के अनुसार 10 लाख लीटर पानी निर्धारित है। जबकि वर्तमान में बढ़ी हुई जनसंख्या के अनुसार यहां आपूर्ति के लिए 20 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है लेकिन वर्तमान में मीटर के अनुसार जसवंतगढ़ की जनता को केवल 6 लाख लीटर ही पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसके चलते ग्राम में पेयजल समस्या विकराल रूप ले रही है। घरों में पानी की सप्लाई नियमित नहीं हो रही है। इस बारे में पूर्व में भी विभाग के एसीई रामचन्द्र राहड़ को अवगत करवाया गया। उनके द्वारा पेयजल समस्या को लेकर राहत प्रदान करवाने का आश्वासन दिलाया गया मगर आजतक गांव में पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है।

इसके साथ ही ज्ञापन में पेयजल सप्लाई का अंतराल कम करने की मांग भी रखी गई है। ग्रामीणों ने क्षेत्र की आवश्यकता अनुसार पेयजल पूर्ति नहीं की जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान मुमताज खान, हरि शर्मा, बबलू, पवन शर्मा, मुकेश, श्रीराम, रुस्तम खान आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# घुटना प्रत्यारोपण परामर्श शिविर आयोजित

अबूबकर बल्खी




**लाडनूं ( नवयत्न )।** भारत विकास परिषद लाडनूं के तत्वावधान में स्थानीय प्रजापति भवन में घुटना प्रत्यारोपण एवं घुटना रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लाभ लिया।

शिविर में जयपुर स्थित महात्मा गांधी चिकित्सालय के प्रोफेसर डॉ संदीप यादव ने ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से घुटनों से संबंधित बीमारियों, उनके कारणों एवं बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर उपचार, नियमित व्यायाम और संतुलित जीवनशैली अपनाकर घुटनों की गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। इस दौरान करीब 260 रोगियों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण से जुड़ी आधुनिक तकनीक और उपचार के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता करणी सिंह, तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे, डॉ नानूराम चोयल, पीएमओ डॉ भरत कसेरा, डॉ श्रेयांश घोड़ावत, डॉ हार्दिक, सुरेश जाजू, हनुमान मल जांगिड़, सुशील पीपलवा, डॉ वीरेंद्र भाटी मंगल, कैलाश घोड़ेला, रमेशसिंह राठौड़, हंसराज सोनी, सीए नितेश माथुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विघ्नहर्ता की स्तुति के साथ बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ




**जयपुर ( नवयत्न )।** नन्हे बच्चों में सेवा, भक्ति एवं चरित्र निर्माण के संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से श्री अमरापुर स्थान में रविवार से 15 दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का आयोजन प्रात: 9 बजे दीप प्रज्वलन एवं विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्तुति के साथ हुआ। शिविर का शुभारंभ पूज्य संत स्वामी मनोहर लाल महाराज, मोहन प्रकाश महाराज एवं संत मंडल के सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अध्यापक जितेन्द्र दाधीच वेदाचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गणेश स्तुति प्रस्तुत की। आयोजकों ने बताया कि 31 मई तक चलने वाले इस 15 दिवसीय शिविर के लिए पंजीयन शुरू किए गए थे। रविवार सुबह तक करीब 85 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया। स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में नई पीढ़ी को मोबाइल एवं टीवी के प्रभाव से बाहर निकालकर भारतीय संस्कृति एवं मूलभूत संस्कारों से जोड़ना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में बच्चों को भक्ति, सेवाए योग एवं चरित्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के दौरान बच्चों को सूर्य मंत्र, हनुमान मंत्र, स्नान मंत्र, हनुमान चालीसा, गुरु प्रार्थना, आध्यात्मिक प्रश्नोत्तर तथा सनातन धर्म से जुड़ी ज्ञानवर्धक बातें सिखाई जाएंगी। शिविर में बच्चों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन करने के लिए शहर के कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इनमें महेंद्र तीर्थनी, गिरधारी मनकानी, नारायण नाजवानी, ईश्वर मोरावानी, सुंदर दास, मुरली पारवानी, प्रदीप मालिक, अविनाश एवं लखन श्रद्धालु प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, बचाव के लिए सावधानी जरूरी

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और तेज गर्म हवाओं ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी ने बताया कि दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है तथा लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। तेज धूप और लू के कारण बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। गोस्वामी ने बताया कि अत्यधिक गर्मी और लू से डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द और कमजोरी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। साथ ही अधिक से अधिक पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने और धूप में निकलते समय सिर को कपड़े या टोपी से ढकने की सलाह दी गई है। वैद्या गोस्वामी ने बताया कि दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ पिएं।

धूप में निकलते समय छाता, टोपी या गमछे का उपयोग करें। खाली पेट घर से बाहर नहीं निकलें। ज्यादा मसालेदार और तला हुआ भोजन खाने से बचें। बच्चों और बुजुर्गों को तेज धूप से दूर रखें। लू लगने पर तुरंत छायादार स्थान पर जाकर पानी या ओआरएस का सेवन करें। तेज गर्मी को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

# साइबर धोखाधड़ी के 15 लाख करवाये रिफण्ड

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** महानिरीक्षक पुलिस रेंज बीकानेर द्वारा एवं पुलिस अधीक्षक चूरू निश्चय प्रसाद एम आईपीएस के आदेशानुसार साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु संदिग्ध बैंक खातों एवं हॉटस्पॉट पर प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष अभियान म्यूल हंटर चलाया जा रहा है। उक्त अभियान मे त्वरित कार्यवाही सतपाल सिंह अति. पुलिस अधीक्षक सुजानगढ़, इनसार अली आरपीएस वृताधिकारी वृत के निकटतम सुपरविजन व गौरव खिड़िया पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना जिला चूरू के निर्देशन में प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुये 15, 00, 000 रूपये की राशि वास्तविक स्वामी के खाते में हस्तानांतरित करवायी गयी है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय पुलिस थाने के साइबर पोर्टल पर 8 अक्टूबर 2025 को एक साइबर शिकायत परिवादिया मंजु कंवर पत्नी गोवन्दसिंह पुत्र सवाई सिंह, निवासी वार्ड नम्बर 17 द्वारा इस आशय की प्राप्त हुई कि जुलाई 2025 में गुगल पर इलेक्ट्रीक टू व्हीलर की एजेन्सी लेने के लिये विज्ञापन देखा तब पीयूआरई एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी तेलंगाना का फोर्म देखा उसमें नाम, मोबाईल नम्बर, सिटी का नाम, पिन कोड, इन्वेस्ट करने की क्षमता कितनी है लिखा हुआ था। उस फॉर्म को भरकर इन्वेस्ट करने की क्षमता 60 लाख तक की करके गोविन्द सिंह ने सबमिट कर दिया। एक-दो दिन बाद उक्त कम्पनी के प्रतिनिधि ने सम्पर्क किया व डिलरशीप देने हेतु टोकन मनी के रूप में 4 लाख रूपये भेजने का कहा जिस पर गोविन्द सिंह द्वारा 4 लाख भेजने पर कम्पनी द्वारा प्री रजिस्ट्रेशन के बाद बकाया राशि 11 लाख रूपयें और भेजने का कहा गया तो गोविन्द सिह ने अपने बैंक खाता से 11 लाख रूपये की राशि कम्पनी के खाता में ट्रांसफर कर दी। उसके बाद कम्पनी के प्रतिनिधियों से गोविन्द सिंह ने पूर्व शर्तों के अनुसार सम्पूर्ण राजस्थान की डीलरशीप हेतु बोला तो कम्पनी ने राज्य में और लोगों को डीलरशीप देने गोविन्द सिंह को सिर्फ चूरू जिले की डीलरशीप देने का कहकर व 15 लाख का माल परिवादी को डीलीवर करने का कहकर फोन उठाना बन्द कर दिया। जिस पर परिवादी ने उक्त घटना की शिकायत साइबर पोर्टल पर कर दी। गौरव खिड़िया पुलिस निरीक्षक मय टीम ने परिवादिया द्वारा साइबर पोर्टल 1930 पर दर्ज करवाई गई परिवाद का अवलोकन कर परिवादिया के खाते से स्थानान्तरित राशि का पाथ ट्रेस किया गया परिवादिया के खाता से जिन खातों में पैसा हस्तान्तरित हुआ उनकी केवाईसी डिटेल व स्टेटमेंट प्राप्त किया गया, विभिन्न बैंकों व साइबर पोर्टल के नोडल अधिकारियों से पत्राचार व दूरभाष से सम्पर्क करतें हुये साइबर शिकायत में विवादित 15,00,000 की राशि को होल्ड रखवातें हुये शिकायत पर अनुसंधान किया। समस्त जांच से मामला वितीय धोखाधड़ी का पाया जाने पर उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार एवं परिवादी द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट डेत रिपोर्ट पेश करने पर एफआईआर पंजीबद्ध कर अनुसंधान रामनिवास सहा. उप निरीक्षक पीएस द्वारा किया गया। अपने अनुसंधान में पाया कि कम्पनी द्वारा परिवादी को 15 लाख रूपये के बदले कोई भी सामान परिवादी की फर्म कृष्णा बिजनेश एवं प्रोपर्टीज को डीलीवर नही किया है जबकि पीयूआरई एनर्जी प्राईवेट लिमीटेड कम्पनी तेलगाना जिला संगारेडी तेलंगाना द्वारा बार बार पत्राचार से यह दावा किया जा रहा था कि हमनें 15 लाख के बदले में ईवी वाहन गोविन्द सिंह की फर्म कृष्णा बिजनेश एवं प्रोपर्टीज को भिजवा दिये है। परिवादी द्वारा अपनी राशि प्राप्त करने हेतु अदालत एसीजेएम आदेश प्राप्त करने पर पुलिस थाना रतनगढ़ द्वारा अग्रीम कार्यवाही करवाते हुये 15 लाख रूपयें की राशि परिवादिया के खातें में हस्तान्तरित करवाई । वहीं उक्त रिफण्ड कार्यवाही में महेन्द्र कानि व मुकेश कानि की विशेष भूमिका रही।

## पूर्व विधायक महर्षि ने की जनसुनवाई

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे आमजन की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा एवं अन्य जनसमस्याओं के समाधान हेतु पूर्व विधायक महर्षि ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति के विकलांगता प्रमाण पत्र से जुड़े प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए महर्षि ने संबंधित चिकित्सक से दूरभाष पर वार्ता कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान ही जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता होनी चाहिए तथा भाजपा सदैव जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आमजन, भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे : वॉकथॉन में प्रतिभागियों ने दिया कैंसर जागरूकता का संदेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट द्वारा फोर्टिस हॉस्पिटल और आईआईईएमआर के सहयोग से 19 मई वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे के तहत देश के कई शहरों में जागरूकता वॉकथॉन आयोजित की गई। इस अभियान में हजारों लोगों ने भाग लेकर पेट के कैंसर की शुरुआती पहचान, समय पर इलाज और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। जयपुर में वॉकथॉन जलेब चौक से शुरू होकर जंतर-मंतर, सिटी पैलेस, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़ और हवा महल होते हुए पुनः जलेब चौक पहुंची। प्रतिभागियों ने पर्पल टी-शर्ट पहनकर कैंसर जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मनाभ सिंह, संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ. संदीप जैन, फोर्टिस हॉस्पिटल के डॉ. मनीष अग्रवाल, जयपुर रनर्स क्लब के प्रवीन तिजारिया एवं रवि गोयनका सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। डॉ. संदीप जैन ने कहा कि पेट के कैंसर के प्रति जागरूकता की कमी अभी भी बड़ी चुनौती है और नियमित जांच व स्वस्थ जीवनशैली ही इसकी रोकथाम का सबसे प्रभावी तरीका है। वहीं पंडित सुरेश मिश्रा ने शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की अपील की। आयोजकों ने बताया कि 19 मई को जयपुर के हॉलिडे इन में प्रिवेंटिव जीआई ऑन्कोलॉजी पर




राष्ट्रीय स्तर की पैनल चर्चा आयोजित होगी, जिसमें देशभर के विशेषज्ञ कैंसर की शुरुआती पहचान, एआईआधारित तकनीक और आधुनिक जांच पद्धतियों पर चर्चा करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार एब्डोमिनल कैंसर में पेट के भीतर होने वाले गैस्ट्रिक, लिवर, पैंक्रियाटिक, कोलन, गॉल ब्लैडर और ओवेरियन कैंसर शामिल हैं। समय पर जांच और जागरूकता से इनका प्रभावी उपचार संभव है।

## राज्यपाल ने किया एब्डोमिनल कैंसर डे पोस्टर का विमोचन



**जयपुर ( नवयत्न )।** हरिभाऊ बागड़े ने रविवार को राजभवन में एब्डोमिनल कैंसर डे के पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान पेट और लिवर कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा समय पर जांच के महत्व को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने कहा कि यह पहल लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। आयोजकों ने बताया कि आगामी 19 मई को विश्वभर में एब्डोमिनल कैंसर डे मनाया जाएगा। इसके तहत जयपुर में रविवार को जागरूकता वॉकथॉन आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में चिकित्सकों और नागरिकों ने भाग लिया। वहीं 19 मई को विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में टॉक शो आयोजित होगा, जिसमें बीमारी के लक्षण और बचाव के उपायों पर जानकारी दी जाएगी। अभियान से जुड़े डॉ संदीप जैन ने बताया कि पेट के कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने की यह मुहिम वर्ष 2019 में जयपुर से शुरू की गई थी, जो अब वैश्विक स्तर पर पहचान बना चुकी है। पोस्टर विमोचन के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## पुरुषोत्तम मास : गुप्त वृंदावन धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम में पावन पुरुषोत्तम मास के विशेष अवसर पर श्री ब्रह्म संहिता कथा का भव्य शुभारंभ रविवार से हुआ। यह दिव्य कथा रविवार से प्रारंभ होकर पूरे पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन सायंकाल आयोजित की जाएगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्तित्त्व का रसपान कराया जाएगा। कथा के प्रथम दिन के सत्र का शुभारंभ सुमधुर हरिनाम संकीर्तन, वैष्णव भजनों और वैदिक मंगलाचरण के साथ हुआ, जिससे पूरा पाण्डाल भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। प्रथम दिवस की कथा व्यासपीठ से संबोधित करते हुए अनंतशेष प्रभु ने पुरुषोत्तम मास की अपार महिमा और भगवान श्रीकृष्ण की विशेष कृपा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ब्रह्म संहिता के दिव्य तत्त्वों को समझाते हुए कहा कि सनातन धर्म में पुरुषोत्तम मास को सभी महीनों में सर्वश्रेष्ठ और परम फलदायी माना गया है। इस पवित्र



महीने में किया गया भक्ति, साधना और प्रभु स्मरण का थोड़ा सा प्रयास भी मनुष्य को अनंत गुना शुभ फल प्रदान करता है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को इस पावन मास में विशेष रूप से कथाश्रवण, हरिनाम का जाप, पवित्र शास्त्रों का अध्ययन, निस्वार्थ सेवा, दान-पुण्य और साधना का संकल्प लेने की प्रेरणा दी गई। अनंतशेष प्रभु ने कहा कि ब्रह्म संहिता कथा के माध्यम से भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण के परम पुरुषोत्तम स्वरूप और उनकी दिव्य लीलाओं को गहराई से समझने का अद्भुत अवसर प्राप्त होगा। गुप्त वृंदावन धाम प्रबंधन की ओर से बताया गया कि इस कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम साढ़े 6 बजे से धाम के कृष्ण हॉल में किया जाएगा। स्थानीय भक्तों के साथ-साथ देश-विदेश के दूरस्थ श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है, जो यूट्यूब और जूम के माध्यम से ऑनलाइन इस दिव्य कथा से जुड़ सकते हैं। कथा के समापन पर प्रतिदिन महाआरती होगी और भक्तों के लिए प्रसादम की उत्तम व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने जयपुर के सभी धर्मप्रेमियों से आह्वान किया है कि वे परिवार सहित इस दिव्य धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर पुरुषोत्तम मास में कथा, कीर्तन, जप और सेवा के माध्यम से अपने जीवन को कृष्णमय व धन्य बनाएं।

## भैंस चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** बगरू थाना पुलिस ने पशु चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन एवं भैंस बिक्री की नकद राशि बरामद की है। आरोपी ने बगरू के साथ दूदू क्षेत्र में भी भैंस चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशान्त किरण ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने पशु चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए शातिर आरोपी आरोपी फरीद मोहम्मद 19 पुत्र इकबाल मोहम्मद निवासी डिग्गी जिला टोंक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भैंस बिक्री के 10 हजार रुपए तथा चोरी में प्रयुक्त पिकअप जब्त की है। पुलिस गैंग के अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने बावरिया गैंग के अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने दूदू क्षेत्र के ग्राम सेवा इलाके से भी भैंस चोरी करना स्वीकार किया। बगरू थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार गोदारा ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस घटनास्थल से जयपुर शहर और रिंग रोड की ओर जाने वाले रास्तों के सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्ध पिकअप वाहन का रोडमैप तैयार किया। जांच के दौरान वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन नंबर आरजे.26 जी-5758 की पहचान कर पुलिस टीम ने टोंक जिले के डिग्गी थाना क्षेत्र स्थित इस्लामपुरा गांव में दबिश देकर आरोपी को वाहन सहित दस्तयाब कर लिया।

## भारतीय नौसेना ने भोपाल में नौसैनिक नौकायन केंद्र का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने 17 मई, 2026 को भोपाल की प्रसिद्ध अपर झील (भोजताल) में अपने प्रमुख नौसैनिक नौकायन केंद्र का शुभारंभ किया। यह केंद्र जल क्रीड़ा और नौकायन प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

**नौसेना प्रमुख ने किया उद्घाटन समारोह का नेतृत्व**-नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह में रक्षा बलों, असैन्य प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**भव्य सेल परेड और जल क्रीड़ा प्रदर्शन**-कार्यक्रम के दौरान आईएनडब्ल्यूटीसी विशाखापत्तनम के 30 से अधिक नौसैनिकों ने रोइंग, कयाकिंग और कैनोइंग की शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही सेल परेड और जल क्रीड़ा प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों को आकर्षित किया।

**प्रशिक्षण और जल कौशल पर विशेष जोर**-भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण ढांचे में जल कौशल हमेशा एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। यह केंद्र नौसैनिकों के बीच टीम भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को और मजबूत करेगा।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नया केंद्र**-यह नौकायन केंद्र नौसेना की रोइंग, कैनोइंग और कयाकिंग टीमों के साथ-साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रशिक्षण के लिए भी उपयोग किया जाएगा। वर्तमान में नौसेना नौकायन टीम के 34 सदस्यों में से 17 सदस्य मध्य प्रदेश से हैं।

**युवाओं को खेल और रक्षा सेवाओं के लिए प्रेरणा**-इस पहल का उद्देश्य मध्य प्रदेश सहित देश के अधिक युवाओं को जल क्रीड़ा और प्रतिस्पर्धी खेलों की ओर आकर्षित करना है, साथ ही उन्हें रक्षा सेवाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करना भी है।

**राष्ट्रीय खेल नीति और ओलंपिक लक्ष्य से जुड़ी पहल**-यह परियोजना भारत सरकार की उस दृष्टि के अनुरूप है, जिसमें ओलंपिक और एशियाई खेलों के लिए विश्वस्तरीय खिलाड़ियों को तैयार करने पर जोर दिया गया है। साथ ही यह राष्ट्रीय खेल नीति के लक्ष्यों को भी आगे बढ़ाती है।


**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन**
**( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )**

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय
मलसीसर

**जगदीश बनाम विजय वगै.**

दावा बाबत घोषणा एवं रिकॉर्ड दुरूस्ती

वाद संख्या- 86/2015

प्रेषित :-

हर आम व खास

वादी जगदीश ने आपके विरूद्ध दावा बाबत घोषणा एवं रिकॉर्ड दुरूस्ती वाद के लिए संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 27-05-2026 को दिन के 10:00 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपावद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 2351/06-05-26 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय उपखड अधिकारी**
**मलसीसर**


## दो वाहन चोर दबोचे

**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोरों के खिलाफकार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से तीन चोरी के दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में सामने कि आरोपित धार्मिक स्थलों और सुनसान जगहों से दोपहिया वाहन चुराते थे। आरोपित बेहद शातिराना तरीके से वाहनों के नंबर प्लेट हटाकर उनके चेसिस और इंजन नंबर से छेड़छाड़ करते थे, ताकि उन्हें आसानी से कबाड़ में बेचा जा सके। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुकजयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर सुरेश कुमार सोनी 53 निवासी नाहरगढ रोड़ पुरानी बस्ती और रवि शर्मा 50 निवासी जयलाल मुंशी का रास्ता नाहरगढ़ रोड को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी के तीन दुपहिया वाहन स्कूटी भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि शातिर वाहन चोर अक्सर मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सुनसान जगहों पर खड़े दुपहिया वाहनों की रेकी करते थे और मौका पाकर उन्हें चुरा ले जाते थे। पकड़े जाने के डर से वे सबसे पहले वाहन की नंबर प्लेट हटा देते थे। इसके बाद गाड़ी के चेसिस और इंजन नंबर को पूरी तरह मिटा या बदल देते थे, ताकि वाहन की पहचान न हो सके और फिर उन्हें स्क्रेप में बेच देते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर पीडि़ति की एक्टिवा के अलावा आदर्श नगर और माणक चौक इलाके से चुराई गई दो अन्य स्कूटियां भी बरामद की हैं। पुलिस ने दोनो वाहन चोरों से अन्य वाहन चोरी की वारदात खुलने की संभावना जताई है। जिसको लेकर दोनों बदमाशों से गहनता से पूछताछ की जा रहीं है। जवाहर नगर थानाधिकारी सरला यादव ने बताया कि वाहन चोरों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

## भागवत कथा श्रवण से मिलता है भक्ति और ज्ञान : शास्त्री

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अधिक मास के पावन अवसर पर श्री भाटिया बिरादरी प्रबंध समिति द्वारा आदर्श नगर स्थित भाटिया भवन में 24 मई तक 108 श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष अजय गांधी ने बताया कि शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा के प्रथम दिवस पर गोकुल के आचार्य सुरेश शास्त्री ने भागवत महात्म्य, प्रथम स्कंध, अधिकार लीला, कुंती स्तुति एवं भीष्म स्तुति का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा का शुभारंभ भगवान वेदव्यास, श्री शुकदेव जी एवं भगवान श्रीकृष्ण के पूजन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने श्हरे कृष्ण और श्राधे-राधे के जयकारों के बीच कथा श्रवण किया। कथाव्यास ने कहा कि कलियुग में भगवान प्राप्ति का सबसे सरल माध्यम श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण है।

भागवत स्वयं भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप है और इसके श्रवण से भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य की प्राप्ति होती है। कथा में राजा परीक्षित, माता कुंती एवं भीष्म पितामह से जुड़े प्रसंगों का भी विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य किया



तथा अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। समिति उपाध्यक्ष नितिन भाटिया ने बताया कि सोमवार को वाराह अवतार, दक्ष यज्ञ एवं ध्रुव चरित्र की कथा होगी।


**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन**
**( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )**

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय**
**मलसीसर**

**बनवारीलाल वगै. बनाम प्रेमचन्द वगै.**

दावा बाबत खाता विभाजन, स्थाई निषेधाज्ञा

वाद संख्या- 59/2025

प्रेषित :-

1. मंजू पत्नी सम्पतराम जांगिड़ पुत्री बजरंगलाल व 2. बिमला पत्नी मातुराम जांगिड़ पुत्री बजरंगलाल, निवासीगण टमकोर, तहसील मलसीसर, जिला झुन्झुनू (राज.)

वादी बनवारीलाल वगै. ने आपके विरूद्ध दावा बाबत खाता विभाजन, स्थाई निषेधाज्ञा वाद के लिए संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 27-5-2026 को दिन के 10:00 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपावद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 2352/06-05-26 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय उपखड अधिकारी**
**मलसीसर**


## जैन श्रद्धालुओं ने किया कुण्डलपुर में महाअभिषेक



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में मध्यप्रदेश के दमोह स्थित सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर की तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा पर गया दल रविवार को सकुशल जयपुर लौट आया। जयपुर पहुंचने पर समाज बंधुओं ने जयकारों के साथ यात्रा दल का गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पाषाण से निर्मित एशिया के प्रथम सबसे ऊंचे जिनालय में बड़े बाबा के दर्शन कर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि कुण्डलपुर में कुण्डलाकार पर्वत पर स्थापित यह जिनालय 189 फीट ऊंचे पाषाण निर्मित शिखर वाला एशिया महाद्वीप का प्रथम मंदिर है। यह पवित्र स्थल अंतिम श्रीधर केवली की निर्वाण स्थली भी है और इस पर्वत पर 63 गगनचुम्बी जिनालय स्थापित हैं। यात्रा दल के मुख्य संयोजक व युवा समाजसेवी मनोज सोगानी पहाड़ी वाले ने बताया कि शनिवार सुबह दमोह रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद दल सीधे कुण्डलपुर बड़े बाबा के दरबार में पहुंचा। यहां श्रद्धालुओं ने शुद्ध केसरिया वस्त्र धारण कर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया। इसके बाद मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच बड़े बाबा आदिनाथ भगवान की अतिशयकारी प्राचीन पद्मासन प्रतिमा का जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक के पश्चात श्रावकों ने विश्व में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता की कामना के साथ पावन शांतिधारा की। इसके बाद जयपुर से गए इस विशेष दल ने जयकारों की गूंज के बीच बड़े बाबा को चांदी का छत्र समर्पित किया।

## पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। इसी क्रम में पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे पद्म पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवारों के प्रस्ताव अभिशंसा सहित जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित करें। साथ ही संभावित उम्मीदवारों को समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने के लिए भी निर्देशित किया जाए।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT**
**RAJPURA P.S. PATAN (SIKAR)**

S. NO. 99 DATE: 14/05/2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of Material Procurement in varies construction works undar MGNAREGA and Other Scheme For FY 2026-27 are invited from intersted bidders till Date 26-05-2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS: 3000000

UBN No. PKP2627GLRC00045

**PRASHASHAK**
VDO
G.P. RAJPURA
G.P. RAJPURA



**आम सूचना**

मेरे पति मोहम्मद सबीर खान पुत्र नथु खान के नाम से एक वाहन मारूती सलेरियो वीएक्सआई रजि. नं. RJ 18 CC 1041, चेचिस नं. MA3ETDE1S00430210, इंजन नं. K10BN7970037 व मॉडल 2017 है। यह कि मेरे पति का दिनांक 07-09-2023 को देहांत हो चुका है अब उक्त वाहन को मैं मेरे नाम करवाना चाहती हूं अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में परिवहन कार्यालय झुंझुनू में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**जमिला बानो पत्नी मोहम्मद सबीर खान, जाति-लिलगर ( मुस्लिम )**
**निवासी-वार्ड नं. 02, सरकारी स्कूल के पास, पिलानी,**
**तहसील-पिलानी, जिला-झुंझुनू ( राज. )**

## गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने अर्पित की आहुतियां



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्येष्ठ अधिक मास के अवसर पर गोविंद देवजी मंदिर में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में श्री नारायण पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में हुए आयोजन में पांच पारियों में 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, राष्ट्र उन्नति एवं मानव कल्याण की कामना से आहुतियां अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में देव आवाहन एवं षोडशोपचार पूजन संपन्न कराया गया। आचार्य पीठ से गायत्री कचोलिया, गायत्री तोमर एवं डॉ अजय भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ संपन्न करवाया। वक्ताओं ने अधिक मास को भगवान विष्णु का प्रिय पुरुषोत्तम मास बताते हुए जप, तप, दान, सेवा और आत्मशुद्धि का विशेष महत्व बताया। महायज्ञ में नारायणाय विद्महे, वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्श् मंत्र के साथ गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से विशेष आहुतियां दी गई। कार्यक्रम में प्रज्ञा गीतों की प्रस्तुति, पंचतत्व पूजन, पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का संदेश भी दिया गया। अंत में शांति पाठ, भजन, परिक्रमा और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## दो दिवसीय बिजनेस सम्मेलन में 3 हजार से अधिक बिजनेस लीडर्स हुए शामिल




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल इंडिया के वार्षिक सम्मेलन बीएनआई आईएनसी 2026 का रविवार को जयपुर में समापन हुआ। जेईसीसी सीतापुरा में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में भारत सहित कई देशों से 3000 से अधिक बिजनेस लीडर्स ने भाग लिया। आयोजन के दौरान 1200 से अधिक वन-टू-वन बिजनेस चर्चाएं हुईं तथा 100 से अधिक उत्पाद एवं सेवाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। सम्मेलन में अनुपम खेर, दीपक वोहरा, जेन लेहान एवं जोहो के राजेंद्रन दंडपाणि सहित कई वक्ताओं ने नेटवर्किंग, व्यापारिक सहयोग और उद्यम विकास पर विचार साझा किए। बीएनआई जयपुर के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षय गोयल ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य व्यापारियों एवं उद्यमियों को सार्थक संपर्क और सहयोग का मंच प्रदान करना है। समापन समारोह में चैप्टर, रीजन एवं हॉल ऑफ फेम श्रेणी में अवॉर्ड भी प्रदान किए गए। आयोजकों के अनुसार बीएनआई विश्वभर में 11,728 चैप्टर्स के माध्यम से 3.55 लाख से अधिक सदस्यों को जोड़ने वाला बड़ा बिजनेस नेटवर्क संगठन है। भारत में यह 143 शहरों में 72 हजार से अधिक बिजनेस लीडर्स को मंच उपलब्ध करा रहा है। पहली बार जयपुर में आयोजित यह सम्मेलन राजस्थान के व्यापार और नवाचार को वैश्विक नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## पौधरोपण और परिंडे वितरण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में सेवा-धर्म और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। जहां बांगड़ अस्पताल गेट, जेएलएन मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंदों एवं राहगीरों को भोजन प्रसादी वितरित की गई, वहीं पक्षियों और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ 101 परिंडे तथा तुलसी, नीम और आंवला सहित 101 पौधों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री चित्रगुप्त नवयुवक समिति, श्री चित्रगुप्त बाल हितकारी सेवा संस्थान, नायकी माता यात्रा एवं विकास समिति तथा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं, श्रद्धालुओं और आमजन ने भाग लिया। नर सेवा नारायण सेवा के तहत आयोजित कार्यक्रम में पुड़ी, सब्जी, कचौरी, मावे की चक्की, छाछ, शीतल पेय और केले वितरित किए गए। वहीं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार श्रीवास्तव और राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष वैद्य आशीष के आह्वान पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी के नाम से 101 पौधे और 101 परिंडे बांटे गए।

## दीया कुमारी ने ट्रेन से किया अजमेर का सफर

### पैसेंजर्स के बीच पहुंचीं डिप्टी सीएम, बोलीं- ज्यादा से ज्यादा करें पब्लिक ट्रांसपोर्ट का यूज

**जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को जयपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन के जरिए अजमेर का सफर किया। उन्होंने यात्रियों से बातचीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम में भागीदारी निभाने के लिए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने से ईंधन की बचत होगी और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। डिप्टी सीएम को अपने बीच सफर करता देख यात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पैसेंजर्स ने डिप्टी सीएम दीया कुमारी के साथ फोटो भी खिंचवाई। ट्रेन यात्रा के दौरान उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने यात्रियों से बातचीत करते हुए कहा कि सभी को देशहित में मिलकर सहयोग करना चाहिए।

# धनगर, गड़रिया, गाड़ री, गायरी और पाल बघेल समाज की बैठक

## सशक्त महिला, शिक्षित युवा, समृद्ध किसान एवं कुरीतिमुक्त समाज प्रदेश के विकास का आधार : सीएम शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान के लिए संकल्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला, शिक्षित युवा, समृद्ध किसान और कुरीतिमुक्त समाज ही प्रदेश के समग्र विकास का आधार है। डबल इंजन सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के माध्यम से सुशासन की संकल्पना साकार हो रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर गडरिया-गाड़री- गायरी-धनगर-पाल-बघेल सहित विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा समाज हित में की गई बजट घोषणाओं एवं कल्याणकारी प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर की 301वीं जयंती पर आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह के पोस्टर का विमोचन किया।

**महिला सशक्तीकरण की बेजोड़ मिसाल हैं पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर**-उन्होंने कहा कि विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समाज गौरवपूर्ण इतिहास एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का धनी है। खानवा के युद्ध में वीर सिंह बघेल ने राणा सांगा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मुगल आक्रांताओं के खिलाफ अदम्य साहस, शौर्य, स्वामीभक्ति का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, गडरिया समाज पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर की गौरवशाली परंपराओं के प्रति श्रद्धावान होकर उन्हें आगे बढ़ा रहा है। पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर ने राष्ट्र को दिशा देने का कार्य किया। समाज उनके दिखाए मार्ग पर चलकर और आदर्शों से प्रेरणा लेकर कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे।



मुख्यमंत्री ने समाज के युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे विरासत में मिली खेती और पशुपालन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्नत एवं आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दें और समाज में समृद्धि लाने की दिशा में प्रयास करें। साथ ही, उन्होंने रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग करने एवं जैविक खाद का उपयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आज विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समाज कृषि एवं पशुपालन के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रहा है। समाज के शिक्षा और सामाजिक सुधार संबंधी कार्य भी सराहनीय हैं। समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवाओं, राजनीति, सेना, पुलिस, शिक्षा, व्यापार और आईटी क्षेत्रों और सामाजिक सेवा में नई पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपने पूर्वजों की मेहनत और संस्कारों को ध्यान में रखते हुए नशे से दूर रहें। शिक्षा की ओर अपना रुझान बढ़ाएं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें, सरकार हर संभव मदद को तैयार है।

### किसानों और दुग्ध उत्पादकों को मिल रहा आर्थिक संबल

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान और पशुपालक समृद्ध और खुशहाल बनें, इसके लिए हमारी डबल इंजन सरकार निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने किसान सम्मान निधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये करने का काम किया है। अन्नदाता की मेहनत का सम्मान करते हुए गेहूं की एमएसपी पर 150 रुपये बोनस दिया जा रहा है, तो वहीं आज प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। पशुपालकों तक निःशुल्क पशु चिकित्सा के लिए मोबाइल सेवा 1962 शुरू की है। राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत 50 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही, गोशालाओं को 2 हजार 812 करोड़ रुपये अनुदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पशुपालन किसानों के लिए अतिरिक्त आय एवं आर्थिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम है। सरकार द्वारा कृषि कल्याण की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में अब तक 2 हजार 185 नये दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, दुग्ध संकलन केंद्र शुरू किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के तहत लगभग 5 लाख किसानों को 1 हजार 383 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। इतना ही नहीं सरस मायरा योजना के तहत दुग्ध उत्पादक सदस्यों की बेटी की शादी में 21 हजार रुपये नकद दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना में हम ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवा रहे हैं। इस योजना में 94 हजार गोपालक परिवारों को 709 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत करीब 9 लाख पशुपालकों के 20 लाख से अधिक पशुओं का पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतू जनजाति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत कुमार बघेल सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पीएम ने शिक्षा मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया : राहुल

## बार-बार नीट पेपर कराने में फेल

### 9वीं आरोपी मंधारे सीबीआई कस्टडी में भेजी गई

नई दिल्ली।

राहुल गांधी ने रविवार को नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले पर केंद्र सरकार से सवाल किया। उन्होंने ट्वीटर पोस्ट में लिखा, 'पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द नहीं हुई, सीबीआई ने जांच बिठाई। बार-बार फेल हो रहे शिक्षा मंत्री को पीएम मोदी बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं।' राहुल ने आगे लिखा- नीट 2026 का पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द हुई। मंत्री ने फिर इस्तीफा नहीं दिया। सीबीआई फिर जांच कर रही है। मोदी जी देश आपसे सवाल पूछ रहा है- जवाब दो, बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? बार-बार इस 'परीक्षा पे चर्चा' पर आप चुप क्यों हैं? इधर, पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 9वीं आरोपी को सीबीआई ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने बॉटनी टीचर मनीषा मंधारे को 14 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। पुणे की बायोलॉजी लेक्चरर मनीषा को दिल्ली में सीबीआई हेडक्वार्टर में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था।



#### मंधारे एनटीए की पेपर सेटिंग कमेटी का हिस्सा रही

एजेंसी का दावा है कि मंधारे एनटीए की पेपर सेटिंग कमेटी का हिस्सा थीं। वह जानती थीं कि एग्जाम में कौन से सवाल आएंगे। उसने एग्जाम से पहले पुणे में स्पेशल कोचिंग क्लास चलाई। वहां छात्रों को बॉटनी और जूलॉजी के सवाल नोट करवाए थे। जांच में यह भी सामने आया है कि मंधारे ने पुणे से गिरफ्तार ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे के जरिए नीट देने वाले स्टूडेंट्स को अपने कोचिंग में एडमिशन दिलाया था।

सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने रविवार को नांदेड़ में एक आरोपी के फ्लैट पर छापा मारा है।

#### मंधारे ने पेपर के बदले लाखों रुपए लिए

सीबीआई के मुताबिक मनीषा मंधारे और मनीषा वाघमारे ने छात्रों और उनके पेरेंट्स से लीक पेपर देने के बदले लाखों रुपए लिए। बाद में मनीषा वाघमारे ने अपने कॉन्टेक्ट्स के और लोगों तक पेपर पहुंचाए। मनीषा वाघमारे 14 मई को गिरफ्तार हुई थी। मनीषा वाघमारे और पेपर लीक के मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी से पूछताछ के आधार पर ही मनीषा मंधारे की गिरफ्तारी हुई है। कुलकर्णी लातूर का केमिस्ट्री प्रोफेसर है और कई सालों तक नीट पेपर सेटिंग से जुड़े पैनल का हिस्सा था।

# पीएम मोदी स्वीडन पहुंचे : पीएम उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ होगी द्विपक्षीय वार्ता

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीदरलैंड और संयुक्त अरब अमीरात की यात्राओं के बाद रविवार को स्वीडन के गोथेनबर्ग पहुंचे। यह उनकी पांच देशों की यूरोप यात्रा का तीसरा चरण है। एयरपोर्ट पर स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

#### स्वीडन एयरस्पेस में ग्रिपेन फाइटर जेट्स ने दी एस्कॉर्ट

पीएम मोदी के आगमन को विशेष महत्व देते हुए स्वीडन के ग्रिपेन फाइटर जेट्स ने उनके विमान को स्वीडिश एयरस्पेस में एस्कॉर्ट किया। यह भारत और स्वीडन के बीच बढ़ते रणनीतिक और कूटनीतिक संबंधों का प्रतीक माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात और नीदरलैंड में कई उच्चस्तरीय बैठकों में शामिल हुए। इन दौरों के बाद वे सीधे स्वीडन पहुंचे, जहां उनकी दो दिवसीय (17-18 मई) आधिकारिक यात्रा प्रस्तावित है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और स्वीडन के बीच सहयोग को नई दिशा देना है। दोनों देशों के बीच व्यापार, तकनीक, ग्रीन ट्रांजिशन, स्टार्टअप, और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर रहेगा। भारत ने वर्ष 2018 में पहली भारत-नॉर्डिक शिखर बैठक के दौरान स्वीडन की यात्रा की थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक सहयोग को और गहरा करने का अवसर प्रदान करेगी।




# मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने आमेर महल का किया भ्रमण



जयपुर।

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने रविवार को आमेर महल का भ्रमण किया। इस दौरान सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति, पुरातत्व श्रीमती शुचि त्यागी भी उपस्थित रही। मुख्य सचिव ने सर्वप्रथम आमेर की आराध्य देवी शिला माता के दर्शन किये। इसके पश्चात् आमेर महल का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान गत वर्ष में आमेर भ्रमण करने वाले पर्यटकों की कुल संख्या लगभग 22 लाख 82 हजार जिसमें विदेशी पर्यटक लगभग 2 लाख 70 हजार एवं 6,270 प्रतिदिन औसतन पर्यटकों की संख्या को देखकर पर्यटकों को आने वाली समस्याओं की जानकारी ली गयी। पर्यटकों की संख्या को और बढ़ानें के लिए सकारात्मक प्रयास करते हुए पार्किंग को पूर्णतः विकसित एवं व्यवस्थित करने एवं आमेर महल तक आने वाले रास्तों एवं शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं और अधिक विकसित करने के निर्देश प्रदान किये। एसएएससीएसआई केन्द्रिय परिवर्तित योजना के तहत् चल रहे 25.5 करोड़ के कार्यों जैसे- परियों के पास स्थित खाली जमीन पर पार्किंग विकास, प्राचीन आमेर महल, खेड़ी गेट से पितलिया भवन वाली रोड़, भारमल की छतरियाँ एवं अन्य कार्य तथा बजट घोषणाओं के 4.02 करोड़ के तहत् चल रहे मानसिंह महल के कार्यो का निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों पर संतुष्टि व्यक्त की। मानसिंह महल में चल रहे संरक्षण के कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया एवं संरक्षण कार्य के दौरान निकाले गये कंगूरों को सराहा। साथ ही मानसिंह महल स्थित छज्जे की टोड़ियों पर स्थित भित्ति चित्रों के संरक्षण हेतु जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। आमेर महल स्थित सिंहपोल, गणेशपोल, भोजनशाला आदि में स्थित भित्ति चित्रों के संरक्षण हेतु आईजीएनसीए एवं एडीएमए के मध्य हुए अनुबन्ध को सराहा। मुख्य सचिव ने पर्यटन विभाग को गाईडों के संबंध में और अधिक प्रशिक्षण देने के संबंध में निर्देशित किया ताकि गाईडों द्वारा जयपुर आने वाले पर्यटकों को सटीक एवं तथ्यपूर्ण जानकारी प्रदान की जा सकें। मुख्य सचिव को पर्यटक गाईड महेश शर्मा द्वारा महल का भ्रमण करवाया गया। शीशमहल के अवलोकन के दौरान उसके स्थापत्य को देखकर मुख्य सचिव अभिभूत हुये एवं इनके संरक्षण के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतने एवं उनके मूल स्वरूप को बरकरार रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये।

# नीदरलैंड से 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज भारत आएंगे

## मोदी की मौजूदगी में समझौता; टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप बनाने वाली डच कंपनी में भी डील

एम्सटर्डम।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने पर समझौता हुआ। ये करीब 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज हैं, जिनमें चोल साम्राज्य से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी है।

समझौते के तहत 11वीं सदी की चोल ताम्र पट्टिकाएं जल्द भारत लाई जाएंगी। यह 21 बड़ी और 3 छोटी तांबे की प्लेटों का संग्रह है। इनमें ज्यादातर लेख तमिल भाषा में लिखे गए हैं। मोदी ने कहा कि इन पट्टिकाओं में राजा राजेंद्र चोल प्रथम और उनके पिता राजा राजराजा चोल प्रथम से जुड़ी जानकारी दर्ज है। ताम्र पट्टिकाएं तांबे की बनी प्लेटें होती हैं, जिन पर पुराने समय में अहम बातें लिखी जाती थीं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, 19वीं सदी में जब यूरोपीय देश भारत और एशिया के दूसरे हिस्सों में व्यापार और रिसर्च कर रहे थे, उसी दौरान ये दस्तावेज विदेश ले जाई गईं थीं।

### टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और एएसएमएल के बीच भी समझौता

द हेग में आयोजित एक कार्यक्रम में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और डच कंपनी स्स्रु के बीच भी समझौता हुआ। यह करार सेमीकंडक्टर और चिप तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए है। एएसएमएल दुनिया की प्रमुख चिप मशीन बनाने वाली कंपनियों में शामिल है, जबकि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश बढ़ा रही है।

#### नीदरलैंड के राजा-रानी से मिले पीएम मोदी

मोदी ने शनिवार को नीदरलैंड के हेग शहर में वहां के राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से मुलाकात की। यह मुलाकात शाही महल 'पैलेस हाउस टेन बॉश' में हुई। बैठक के दौरान भारत और नीदरलैंड के रिश्तों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। दोनों ने शिक्षा, तकनीक, सेमीकंडक्टर, डिजिटल तकनीक, वाटर मैनेजमेंट और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर काम बढ़ाने की बात कही।

नीदरलैंड के राजा और रानी ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में रात्रिभोज भी रखा। मोदी ने 2019 में राजा और रानी की भारत यात्रा को याद करते हुए कहा कि उस दौरे से दोनों देशों के रिश्तों को नई मजबूती मिली थी। पीएम मोदी ने नीदरलैंड सरकार की मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद दिया।

### पीएम मोदी बोले- भारत में निवेश का अभी सबसे अच्छा समय

नीदरलैंड के हेग शहर में शनिवार को आयोजित सीईओ राउंड टेबल बैठक में मोदी ने कहा कि भारत में निवेश और कारोबार के लिए यह सबसे अच्छा समय है। उन्होंने बताया कि टैक्स, लेबर कानून और सरकारी व्यवस्था में सुधारों के कारण भारत में मैन्युफैक्चरिंग अब सस्ती और आसान हो गई है।

पीएम मोदी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, जो पहले बड़ा आयात क्षेत्र था, अब भारत का बड़ा निर्यात क्षेत्र बन चुका है। भारत और नीदरलैंड ग्रीन हाइड्रोजन, तकनीक और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर काम बढ़ाएंगे।



### भारत में 300 से ज्यादा डच कंपनियां काम कर रहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ स्न्ञ्च (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) समझौता दोनों पक्षों के लिए नए अवसर खोलेगा। साथ ही दोनों देश अपनी साझेदारी को और मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने डच कंपनियों से भारत में ज्यादा निवेश करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 300 से ज्यादा डच कंपनियां पहले से भारत में काम कर रही हैं और भारत तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में कारोबार करने वालों को अच्छे मौके और बेहतर परिणाम मिलेंगे।

#### पीएम मोदी स्वीडन पहुंचे

नीदरलैंड दौरे के बाद पीएम मोदी स्वीडन पहुंच गए हैं। नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटन एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी को छोड़ने आए थे। मोदी अब 17 और 18 मई को स्वीडन के गोथेनबर्ग शहर का दौरा करेंगे। यह यात्रा स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के निमंत्रण पर हो रही है। इस दौरान दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग, व्यापार और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

# परिंदों के लिए परिंडे अभियान का शुभारंभ



महेन्द्र खडोलिया

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ संतश्री नारायण दास यूथ मंडल स्टेट अवॉर्डी एवं एक दिन गांव के लिए अभियान अजीतगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में भीषण गर्मी के दौर में पक्षियों के लिए दाना एवं पानी के परिंडे लगाने की मुहिम का रविवार को श्रीकृष्ण गोशाला बगीची में गुसाई बगीची संत अनंत दास महाराज की मौजूदगी में शुभारंभ किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में पक्षियों के दाने पानी का संकट रहता है, ऐसे में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना सेवा का कार्य है। इससे पूर्व बगीची में परिंडे लगाएं तथा गोशाला मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आने वाले भक्तों को नियमित पानी भरने की जिम्मेदारी दी गई। अभियान के संबंध में पूरण प्रजापत ने बताया कि अजीतगढ़ के प्राचीन विरासत मंदिर, बावड़ी, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छता को लेकर शुरू अभियान ने विगत वर्षों में सदैव गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का कार्य करते है। प्रजापत ने बताया कि अजीतगढ़ शहर समेत आसपास के इलाके में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का कार्य जारी रहेगा। इस दौरान श्रीकृष्ण गोशाला अजीतगढ़ प्रबंधन कार्यकारिणी अध्यक्ष चैतन्य मीणा, सचिव मूलशंकर शर्मा, व्यवस्थापक महेश दीवान, एक दिन गांव के लिए अभियान के पूरण प्रजापत, क्षेत्रीय विकास परिषद के महेश रामावत, महावीर यादव, बलदेव कुमावत समेत अनेक गणमान्य मौजूद थे।

# पुलिस कमिश्नर ने जनसुनवाई कर समस्याओं का मौके पर किया समाधान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने रविवार को रामगंज थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की शिकायतों का तत्काल समाधान भी किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अपराध अजय सिंह, पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर प्रथम, सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज एवं माणक चौक सहित संबंधित थाना अधिकारियों एवं एसएचओ मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि आमजन को त्वरित राहत देने के उद्देश्य से थाना स्तर पर प्रतिदिन जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में आपसी मुकदमे, पारिवारिक विवाद, जमीन संबंधी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुईं। सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं पर तुरंत रिस्पॉन्स देने तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई के दौरान रामगंज सर्किल के रामगंज एवं गलता गेट थाना क्षेत्र तथा माणक चौक सर्किल के माणक चौक, सुभाष चौक एवं महिला थाना उत्तर क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त के समक्ष रखीं और समाधान प्राप्त किया। जनसुनवाई की विशेषता यह रही कि अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया जबकि समय लेने वाले मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर, भांकरोटा, बस्सी, शिवदासपुरा, चौमूं एवं आमेर में भी जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा चुका है।

# रिश्तेदारों के तानों से परेशान विवाहिता ने किया आत्महत्या का प्रयास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में रिश्तेदारों की कथित मानसिक प्रताड़ना से परेशान एक विवाहिता द्वारा आत्महत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। समय रहते पति के पहुंचने और तत्काल अस्पताल ले जाने से महिला की जान बच गई। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थानाधिकारी सरला यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली 37 वर्षीय विवाहिता ने पर्चा बयान में बताया कि वह अपने पति और सास के साथ रहती है। उसके घर के पास रहने वाली कुछ रिश्तेदार महिलाएं अक्सर उसकी सास को उसके खिलाफ भड़काती थीं, जिससे घर में लगातार विवाद और तनाव का माहौल बना रहता था। पीड़िता के अनुसार घरेलू कलह से परेशान होकर उसने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसी दौरान कुछ ही मिनट बाद उसका पति कमरे में पहुंच गया और पत्नी को फंदे से लटका देख तुरंत नीचे उतार लिया।

# 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अधिकमास के पावन अवसर पर श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल एवं श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में गोवर्धननाथजी मंदिर में 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत एकादश एवं मूल लोक परायण, श्री गोवर्धननाथजी एवं श्री मथुराधीश प्रभु दर्शन तथा 56 भोग महोत्सव का आयोजन रविवार से प्रारंभ हुआ ।

यह महोत्सव 28 मई तक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ रविवार शाम 5 बजे सूरजपोल स्थित श्री सिद्ध विनायक मंदिर से निकलने वाली श्री मथुराधीश प्रभु की शोभायात्रा से किया गया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई गोवर्धननाथ जी मंदिर पहुंची । इस दौरान बैंड वादकों की मधुर स्वर लहरियों पर श्रद्धालु भक्ति भाव से नाचते.गाते चलें । 18 से 28 मई तक प्रतिदिन बड़ौदा के गिरिराज शास्त्री श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराया। कथा का आयोजन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक किया गया। इसके साथ ही प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9:30 बजे तक एवं दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक भागवत के मूल श्लोकों का पाठ भी किया जाएगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन आकर्षक एवं मनोहारी झांकियां सजाई जाएंगी। इनमें फूलों का बंगला, निकुंज फूलों का हिंडोला, श्री महाप्रभु जी 84 बैठक मनोरथ, यमुनाजी में नौका विहार, कमल तलाई, ब्याहुला मनोरथ, खस महल, गिरिराज जी की कंदरा, फूलों की सांझी, 56 भोग, मोती महल, गौचारण एवं अष्ट सखी द्वार सहित विभिन्न झांकियां शामिल रहेंगी। श्रद्धालु प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक इन झांकियों के दर्शन कर सकेंगे।

## गीता गायत्री मंदिर में होगी रामकथा

अधिकमास में गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में राम कथा का आयोजन किया गया। ये आयोजन 17 मई को प्रारंभ किया गया, जिसका समापन 23 मई को किया जाएगा। पातालपुरी पीठाधीश्वर बालक देवाचार्य महाराज व्यासपीठ से भक्तों को रामकथा का रसपान कराया । पं. राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कथा शुभारंभ से पूर्व शहर के प्रमुख संत-महंतों के सान्निध्य में सूरजपोल बाजार स्थित मंदिर श्री रघुनाथ जी से 108 भागवत पोथियों एवं 108 कलशों की शोभायात्रा निकाली गई । यात्रा में महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर मंगलगीत गाते हुए गायत्री मंदिर पहुंची। राम कथा के आयोजन के बाद 9 से 15 जून तक श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया जाएगा।

## अकिंचन महाराज सुनाएंगे भरत चरित्र कथा

हरिनाम संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में महावीर नगर स्थित श्री राम मंदिर में पांच दिवसीय श्री भरत चरित्र कथा का आयोजन 17 मई को प्रारंभ हुआ ।



जिसका समापन 21 मई को किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। व्यासपीठ से अकिंचन महाराज कथा का श्रवण करा रहे है। आयोजन के दौरान मधुर भाव एवं कथारस प्रवाह के माध्यम से भगवान राम और भरतजी के आदर्श चरित्र का वर्णन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महिला मण्डल, महावीर नगर की ओर से किया जा रहा है।

# भारत विकास परिषद की संयुक्त प्रांतीय कार्यशाला आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भारत विकास परिषद् राजस्थान उत्तर-पूर्व प्रांत द्वारा जिला सीकर, झुंझुनू एवं चूरू की संयुक्त प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को सीकर के एक निजी होटल में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर संगठनात्मक गतिविधियों, सेवा कार्यों एवं सदस्यता विस्तार पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एन एम गोयल, नगर संघचालक सीकर ने अपने उद्बोधन में संगठनात्मक एकता, सेवा एवं संस्कार आधारित कार्यों की आवश्यकता पर बल दिया। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ श्याम अग्रवाल ने परिषद् के संगठनात्मक स्वरूप, नियम एवं कार्यप्रणाली पर प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। शाखा अध्यक्ष दिलीप पारीक ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ वक्ताओं ने मार्गदर्शन प्रदान किया। राजीव शरण सक्सेना, क्षेत्रीय संयोजक संस्कार ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सीए राजेंद्र अग्रवाल, रीजन वित्त सचिव ने परिषद् के लक्ष्य, उद्देश्य, दर्शन एवं शाखा पदाधिकारियों की प्रभावी



भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र में परिषद् की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा हुई। रणवीर सिंह त्यागी, क्षेत्रीय संयोजक संपर्क ने संपर्क विस्तार पर विचार रखे। निरंजन चोटिया, प्रांतीय संयोजक सेवा ने सेवा कार्यों के प्रभावी संचालन की जानकारी दी। राजेन्द्र पारीक, प्रांतीय संयोजक संस्कार ने संस्कार गतिविधियों के महत्व को रेखांकित किया। डॉ कविता साहनी, क्षेत्रीय संयोजक महिला सहभागिता ने महिला सहभागिता एवं संगठन में महिलाओं की सक्रिय भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। समूह चर्चा सत्रों में जिला समन्वयक गणेश लाल शर्मा सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने शाखा विस्तार, सदस्यता वृद्धि, वित्तीय पारदर्शिता एवं गतिविधियों के प्रभावी संचालन पर विचार-विमर्श किया। प्रतिभागियों ने संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन सुदीप गोयल ने किया। स्थानीय शाखा से कोषाध्यक्ष हेमंत सोनी एवम उमेश कुमार माथुर ने व्यवस्था का जिम्मा संभाला। समापन सत्र में विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। शाखा सचिव संजीव पारीक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# अंकित ने नेशनल रेसलर चैंपियनशिप में अपने नाम किया गोल्ड

विजेंद्र सिंह लमोरिया



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजस्थान पीजी कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अंकित चौधरी ने नौवीं नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप इंडिया में गोल्ड जीता। इस चैंपियनशिप में अंकित ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए महाराष्ट्र को हराकर रेसलिंग में गोल्ड जीतकर नेशनल चैंपियन बना। संस्था में पहुंचने पर संस्था निदेशक शिक्षाविद श्रीराम थालौर की अध्यक्षता एवं चेयरपर्सन नीतिका संजय थालौर के मुख्य आतिथ्य में अंकित चौधरी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ सुभाष बोला ने बताया कि इस रेसलर चैंपियनशिप का आयोजन 15 एवं 16 मई को गोवा में हुआ था जिसमें अंकित ने महाराष्ट्र के पहलवान को हराकर गोल्ड अपने नाम किया। संस्था चेयरपर्सन थालौर ने कहा कि जीवन में बड़ा लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं तो अपनी योग्यता को निखारना चाहिए। योग्यता से ही मुश्किल काम आसानी से पूरा हो सकता है। अंत में संस्था निदेशक शिक्षाविद श्रीराम थालौर ने अंकित को बधाई देते कहा कि अंकित ने पढ़ाई के साथ नेशनल चैंपियन बनकर संस्था को भी नेशनल स्तर पर गौरांवित करने का शानदार प्रयास किया है जो चिड़ावा क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए एक मार्गदर्शन का काम करेगा। इससे पूर्व भी कॉलेज की छात्रा आकांक्षा पूनिया ने शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल प्राप्त कर राजस्थान पीजी कॉलेज को खेल के क्षेत्र में अग्रणी करने का काम किया है।

# मिशकात शरीफ के पहले सबक का आयोजन सम्पन्न



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में मदरसा इस्लामिया अरबिया नूरूल इस्लाम में मिशकात शरीफ के पहले सबक का कार्यक्रम बेहद अकीदत, रूहानी माहौल एवं धार्मिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मदरसे के उलेमा-ए-किराम, जिम्मेदारान, तलबा (विद्यार्थी) एवं कस्बे के बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरदारशहर स्थित मदरसा जामिया लतीफिया के शेखुल हदीस हजरत मौलाना शकील अहमद ने मिशकात शरीफ की फजीलत, इल्म-ए-दीन की अहमियत तथा इस्लामी तालीम की रोशनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और अच्छे अखलाक के साथ दीनी तालीम हासिल करने की नसीहत देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और इंसानियत की असली पहचान है। कार्यक्रम के दौरान मौलाना उस्मान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए दीनी तालीम को समाज की बेहतरी और नैतिक मूल्यों की मजबूती का आधार बताया। कार्यक्रम में मदरसा के सदर शबीर बगड़, मौलाना खलील अहमद, हाजी शेर मोहम्मद खोखर, इदरीश खत्री, मोहम्मद जब्बार खोखर, मौलाना फारूक सरदारशहर, नब्बीबकस निर्बान, हाजी सफी काजी, मोहम्मद शरीफ छींपा, हमीद चौहान, रिज़वान बगड़, इक़बाल बगड़, अमजद निर्बान, इम्तियाज खत्री, असगर बगड़ सहित मदरसे का स्टाफ, बच्चे एवं कस्बे के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक दुआ के साथ हुआ। अंत में मदरसा इस्लामिया कमेटी की ओर से पधारे हुए सभी मेहमानों, उलेमा-ए-किराम एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया।




# मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

महेन्द्र खडोलिया

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गाँधी इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में किया गया। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की उपलब्धियों एवं अभिभावकों की खुशियों से उत्साहमय दिखाई दिया। समन्वयक अक्षय सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान अध्यक्षा पार्वती देवी, निदेशिका डॉ उषा खर्रा, कॉलेज प्राचार्य डॉ वी के यादव, आईटीआई प्राचार्य महेंद्र सिंह यादव, बीएड उपप्राचार्य ग्यारसी लाल यादव, स्कूल प्राचार्य आनंद बबेरवाल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न, साफा एवं पुष्पमालाओं से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समन्वयक नेहा माथुर ने बताया कि विद्यालय सदैव शिक्षा के साथ संस्कार एवं अनुशासन को प्राथमिकता देता आया है तथा विद्यार्थियों की सफलता विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं अभिभावकों का सहयोग ही इस सफलता का आधार है। समारोह में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों की विशेष उपस्थिति रही। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन लखविंदर सिंह, सोनू गुप्ता एवं अंजली पंजाबी द्वारा किया गया। उनके सुंदर एवं प्रेरणादायक संचालन ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। अपने संबोधन में प्राचार्य आनंद बबेरवाल ने कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में ऊँचे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य द्वारा समस्त स्टाफ सदस्यों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पूरा समारोह प्रेरणा, सम्मान एवं गौरव के भावों के साथ सम्पन्न हुआ।



# नेतृत्व विकास कार्यशाला में संगठन मजबूती के दिए गुर

जयपुर (नवयत्न)। भारतीय मजदूर संघ के सहयोग से विश्वकर्मा श्रम सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय कार्यकर्ता नेतृत्व विकास कार्यशाला का आयोजन अग्रवाल समाज सेवा भवन में किया गया। कार्यशाला में जयपुर, सीकर और भरतपुर संभाग से करीब 100 कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठनात्मक गतिविधियों एवं नेतृत्व क्षमता से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। हरिमोहन शर्मा ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना, उद्देश्य तथा संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। वहीं मुकेश सोलंकी ने वित्तीय प्रबंधन, रोकड़ बही, लेखा बही एवं चंदा राशि के सुव्यवस्थित रखरखाव की जानकारी साझा की। मक्खन लाल कांडा ने सफल आयोजन की रणनीतियों एवं उससे जुड़ी चुनौतियों पर विचार रखे। गौरी शंकर ने नए संगठन गठन एवं वित्तीय संकलन की प्रक्रिया समझाई। दीनानाथ ने कार्यकर्ता निर्माण एवं संगठन को मजबूत बनाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यशाला का आयोजन भारतीय मजदूर संघ जयपुर जिला द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रणजीत गुर्जर, महेंद्र सिंह सैनी, अक्षय कुमार मीणा, मालीराम स्वामी, रेखा शर्मा, हेमशंकर तथा अजय सक्सेना सहित जिला एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना पुलिस ने फ्लैटों के ताले तोड़कर नकबजनी करने वाले एक शातिर चोर को हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार कर चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात एवं अन्य सामान बरामद किए हैं। आरोपी जयपुर में किराये के फ्लैट में रहकर वारदातों को अंजाम दे रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने फ्लैटों के ताले तोड़कर नकबजनी करने वाले एक शातिर चोर दीपक सिंह उर्फ विशाल निवासी कालूपुर सोनीपत हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित वर्तमान में जयपुर के जगतपुरा स्थित समृद्धि अपार्टमेंट में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चांदी का एक नोट एवं दो चांदी के सिक्के, गणेश-लक्ष्मी की चांदी की फोटो फ्रेम, चांदी की दीया प्लेट, तीन चांदी की चेन, कानों के झुमके, दो चांदी के पैंडल, 41 चांदी की अंगूठियां, आर्टिफिशियल आइटम तथा वारदात में प्रयुक्त एक सूटकेस बरामद किया है। पुलिस शेष चोरीशुदा माल की बरामदगी के लिए आरोपी से पूछताछ कर रही है। करधनी थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि 4 मई 2026 को पीड़िता ने करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 1 मई को 206 बीघा चोरड़िया बिल्डिंग स्थित अपने फ्लैट को लॉक कर बाहर गई थीं। 3 मई को लौटने पर फ्लैट का ताला टूटा मिला और अंदर रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी पाए गए। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190